$$\begin{aligned} g(x, 0) &= 0 \\ g(x, y+1) &= x * (y + 1) \\ &= (x * y) + x = g(x, y) + x \end{aligned}$$

तो हम परिभाषित करते हैं,

$$g(x, 0) = 0 = z(x)$$

$$g(x, y+1) = f(\cup_3{}^3 (x, y, g(x, y), \cup_1{}^3 (x, y, g(x, y))),$$

जहाँ, $f(x, y) = x + y$ एक प्रीमिटिव पुनरावर्ती है। (पिछले उदाहरण देखें)।

उदाहरण 1.44: यह दिखाएँ कि फलन $f(x) = k$ प्रीमिटिव पुनरावर्ती है जहाँ k अचर (स्थिर) है।

टिप्पणी

हल : मान लीजिए कि $k = 0$, तब,

$$f(x) = 0 = z(x)$$

अन्यथा,

$$f(x + 1) = k = f(x)$$
$$= \cup_2^2 (x, f(x))$$

इसलिए $f(x)$ प्रीमिटिव पुनरावर्ती है।

उदाहरण 1.45: सिद्ध कीजिए कि फलन $x!$ प्रीमिटिव पुनरावर्ती है जहाँ $0! = 1$ और $n! = n^* (n - 1)!$ है।

हल : मान लीजिए कि $f(x) = x!$ तब,

$f(0) = 0! = 1 = S(0)$ और $f(x + 1) = (x + 1)!$

$$= (x + 1) * x! = (x + 1) * f(x)$$
$$= (x * f(x) + f(x)$$
$$= \cup_1^2 (x, f(x)) * = \cup_2^2 (x, f(x)) + = \cup_2^2 (x, f(x)$$

क्योंकि योग (+) और गुणन (*) प्रीमिटिव पुनरावर्ती होते है, इसलिए $f(x)$ प्रीमिटिव पुनरावर्ती है।

निम्नलिखित कुछ प्रीमिटिव पुनरावर्ती फलन हैं जो अक्सर या प्रायः उपयोग किए जाते हैं।

संकेत फलन (S_g)

$S_g (0) = 0, \quad S_g(y + 1) = 1$

(क्योंकि $S_g(0) = Z(0), S_g(y + 1) = S(Z \cup_2^2 (y, S_g(4)))$

शून्य परीक्षण फलन ($\overline{S_g}$)

$\overline{S_g}(0) = 1, S_g(y+1) = 0$

(क्योंकि $\overline{S_g}$ $(0) = s(0)$, $\overline{S_g}$ $(y + 1) = Z(\cup_2^2(Sg(y))$

पूर्ववर्ती फलन (*P*)

$P (0) = 0; P (y+1) = y = \cup_1^2 (y,p(y))$

(क्योंकि $P(0) = 0, P(1) = 0, P(2) = 1, P(3) = 2, ...$)

सम और विषम सादृश्य फलन (*Pr*)

$Pr (0) = 0, Pr (y + 1) = \overline{S_g} (\cup_2^2 (y, Pr(y)))$

(क्योंकि $Pr (0) = 0, Pr(1) = 1, Pr (2) = 0, Pr(3) = 1, ...$)

युक्त सब्ट्रैक्शन फलन ($\dot{-}$)

$x \dot{-} 0 = x, x \dot{-} (y + 1) = P(x \dot{-} y)$

(क्योंकि $x \dot{-} y = 0$, $x<y$ के लिए और $x \dot{-} y = x - y$, $x >, y$), के लिए।

टिप्पणी

निरपेक्ष हलन (II)

$$|x-y| = (x \dot{-} y) + (y \dot{-} x)$$

***x* और *y* का न्यूनतम (*Min (x,y)*)**

न्यूनतम (Min) $(x, y) = x \dot{-} (x \dot{-} y)$

***x* और *y* का उच्चतम (*Max (x,y)*)**

उच्चतम (Max) $(x, y) = y + (x \dot{-} y)$

वर्ग फलन (y^2)

$$f(y) = y^2 = \cup_1'(y) * \cup_1'(y)$$

उदाहरण 1.46: सिद्ध कीजिए कि $f(x, y) = x^y$ प्रीमिटिव पुनरावर्ती फलन है।

हल : ध्यान दे, $x^0 = \begin{cases} 1 & x \neq 0 \text{ के लिए} \\ 0 & x = 0 \text{ के लिए} \end{cases}$

और, $x^{y+1} = x^y * x$ हम जानते है

$= f(x, y) * x$,

$f(x, 0) = S_g(x)$

$f(x, y + 1) = \cup_3{}^3 (x, y, f(x, y) * \cup_1{}^3 (x, y, f(x,y)))$. इसलिए, $f(x, y)$ प्रीमिटिव पुनरावर्ती है।

उदाहरण 1.47 : दिखाएँ कि फलन $\left[\frac{x}{2}\right]$ जो कि सबसे बड़ा पूर्णांक के तुल्य होकर प्रीमिटिव पुनरावर्ती है।

हल : ध्यान दे,

$\left[\frac{x}{2}\right] = \frac{x}{2}$ जब x सम (Even) हो,

$= \frac{x-1}{2}$ जब x विषम (Odd) हो,

इस तरह, $[0/2] = 0 = z(x)$

$\left[\frac{y+1}{2}\right] = \left[\frac{y}{2}\right] + p_r(y)$ इसलिए $\left[\frac{x}{2}\right]$ प्रीमिटिव पुनरावर्ती है।

उदाहरण 1.48: दिखाएँ कि फलन $f(x) = \begin{cases} \frac{x}{2} & \text{जब } x \text{ सम है।} \\ \frac{x-1}{2} & \text{जब } x \text{ विषम है।} \end{cases}$

प्रीमिटिव पुनरावर्ती है।

हलः क्योंकि,

$$f(0) = 0 = z(x)$$
$$f(y + 1) = f(y) + P_r(y)$$

टिप्पणी

f प्रीमिटिव पुनरावर्ती है।

उदाहरण 1.49: दिखाएँ कि फलन $f(x, y) = x^y + y^x$ प्रीमिटिव पुनरावर्ती है।

हलः हम जानते हैं कि x^y प्रीमिटिव पुनरावर्ती है (उदाहरण 1.46 देखें)। इसी प्रकार y^x भी प्रीमिटिव पुनरावर्ती होगा, उदाहरण के द्वारा, $x^y + y^x$ का योग भी एक प्रीमिटिव पुनरावर्ती फलन होगा।

उदाहरण 1.50: दिखाएँ कि यदि x के y से विभाजन पर $f(x + y)$ शेष (Remainder) को परिभाषित करता है, तो यह एक प्रीमिटिव पुनरावर्ती फलन होगा।

हल : $f(x, y)$ के लिए निम्नलिखित केस पर विचार करें।

$$f(5, 11) = \left(\frac{11}{5}\right) \text{ का शेष } = 1$$

इसी तरह, $f(5,12) = 2$

$$f(5,13) = 3$$
$$f(5,14) = 4$$
$$f(5,15) = 0$$

$y = 0$ के लिए, $f(x,0) = 0$ होगा और $f(x, y)$ का मान 1 से बढ़ जाता है जब y को 1 से बढ़ाया जाता है, जब तक कि मान x के बराबर नहीं हो जाताय उस स्थिति में इसे 0 के बराबर रखा जाता है, और प्रक्रिया शुरू रहती है। इस प्रकार हम एक फलन का निर्माण करते हैं जो हर बार 1 से बढ़ता है जब y को 1 से बढ़ाया जाता है, यानी, $S(f(x,y)$। अब हम इस फलन को एक और पुनरावर्ती फलन से गुणन करते हैं जो 0 हो जाता है जब भी $S(f(x, y))' x$, लेकिन $S(f(x, y))$ हमेशा $\leq x$ होता है और इसलिए, ऐसा फलन होता है :

$$S_g\,(x \dot{-} S(f(x, y))$$

इसलिए, $f(x, 0) = 0$

$$f(x, y + 1) = S(f(x, y) * S_g(x \dot{-} S\,(f(x, y)))$$

इसलिए, $f(x, y)$ एक प्रीमिटिव पुनरावर्ती फलन है।

अभिलाक्षणिक फलन (Characteristic Function): संबंध R के अभिलाक्षणिक फलन को निम्न रूप से परिभाषित किया जाता है,

$$X_R(x_1, x_2, ..., x_n) = \begin{cases} 1 \text{ } if \text{ } (x_1, x_2, ... x_n) \in R \\ 0 \text{ if } (x_1, x_2, ... x_n) \notin R \end{cases}$$

यहां, X_R, R से N तक एक फलन है और $R \leq N^n$ है।

प्रीमिटिव पुनरावर्ती (Primitive Recursive): एक संबंध R को प्रीमिटिव पुनरावर्ती कहा जाता है यदि इसका अभिलाक्षणिक फलन प्रीमिटिव पुनरावर्ती होता है।

टिप्पणी

उदाहरण 1.51: यह दिखाएं कि $\{x, x)$ è $x \in N\}$ जो यह परिभाषित करता है कि समारूपी संबंध प्रीमिटिव पुनरावर्ती होते है।

हल : मान लीजिए कि $R = \{(x, x)/x \in N\}$। यहां, हमें एक फलन $f(x, y)$ को ढूंढना होगा जो कि $f(x, y) = 1\ y(x, y) \in R$ और 0 यदि $(x, y) \notin R$ है। ऐसा फलन है,

$$f(x, y) = \overline{S_g}\ (|x-y|)$$

$x = y,\ \overline{S_g}\ (|x-x|) = \overline{S_g}\ (0)=1$ और $x \neq y,\ \overline{S_g}(|x-y|)= 0$। इसलिए, $f(x, y)$ वांछित अभिलाक्षणिक फलन है, जो प्रीमिटिव पुनरावर्ती है। इसलिए, R प्रीमिटिव पुनरावर्ती है।

उदाहरण 1.52: दिखाएँ कि किसी भी अचर k के लिए, संबंध $R = \{(k, y)$è$y>k\}$ प्रीमिटिव पुनरावर्ती होता है।

हल : हमें एक फलन ज्ञात होगा, जोकि 1 के बराबर होगा यदि $y > k$ और 0 होगा यदि $y \leq k$ है। ऐसा फलन $S_g(y \mathbin{\underline{\cdot}} k)$ है, क्योंकि $y \cdot k = 0,\ \ y \leq k$ के लिए और $y \cdot k = y - k\ (y > k)$ के लिए। इसलिए, $R(x, y) = S_g(y \cdot k)$ एक प्रीमिटिव पुनरावर्ती है और इसलिए R, प्रीमिटिव पुनरावर्ती है।

उदाहरण 1.53 : दिखाएँ कि फलन $f(x_1, x_2, y)$ को

$$f(x_1, x_2, y) = \begin{cases} x_2 \ \ x_1 > y & \text{के लिए} \\ (x_1 * y) + x \ \ x_1 \leq y & \text{के लिए} \end{cases}$$

द्वारा परिभाषित है, एक प्रीमिटिव पुनरावर्ती है।

हल : यहां हमें यह दिखाना होगा कि,

$f(x_1, x_2, y) = x_2 + (x_1 * y)$ * (एक फलन)

और वह फलन शून्य होता है जब $x_1 > y$ और 1 जब $x_1 \leq y$। इस तरह के एक फलन $\overline{S_g}\ (x_1 \cdot y)$ है, क्योंकि $x_1 \mathbin{\underline{\cdot}} y = 0,\ x_1 \leq y$ के लिए और $x_1 - y\ \ (x_1 > y \cdot)$ के लिए

इसलिए, $f(x_1, x_2, y) = x_2 + (x_1 * y) * \overline{S_g}\ (x_1 \cdot y)$ प्रीमिटिव पुनरावर्ती है।

नियमित फलन (Regular Function) : मान लीजिए कि $g(x_1, x_2,...,x_n,y)$ एक पूर्ण फलन है। यदि यहाँ कम से कम y का एक मान मौजूद है, माने $\bar{y} \in N$ तब फलन g $(x_1,x_2,...,x_n, \bar{y}) = 0$ सभी $(x_1, x_2,...,x_n)\ \in N^n$ के लिए होगा, तब g को एक नियमित फलन कहा जाता है।

उदाहरण के लिए, एक पूर्ण फलन $g(x, y) = |y^2 - x|$ पर विचार करें। यहाँ x के केवल उन मानों के लिए $g(x, y) = 0$ होगा जो पूर्ण वर्ग हैं। इसलिए, N में y का कोई भी मान ऐसा नहीं है कि सभी x के लिए $|y^2 - x| = 0$ हो। इसलिए g नियमित नहीं है।

पूर्ण फलन (Total Function) : एक फलन $f(x_1, x_2,...,x_n)$ को परिभाषित पूर्ण फलन $g(x_1,x_2,...,x_n, y)$ कहा जाता है यदि,

$$f(x_1, x_2, ... x_n) = \begin{cases} \mu_y(g(x_1, x_2, ... x_n, y) = 0 \\ \text{अनिश्चित अन्यथा, यदि ऐसा कोई } y \text{ मौजूद है।} \end{cases}$$

जहाँ, μ_y का अर्थ है कम से कम y शून्य के बराबर या अधिक है।

टिप्पणी

पुनरावर्ती फलनः एक फलन को पुनरावर्ती फलन कहा जाता है यदि वह प्रारंभिक फलनों के नियमित फलनों के संयोजन और पुनरावृत्ति की परिमित संख्या द्वारा प्राप्त किया जाता है।

आंशिक पुनरावर्ती फलन : एक फलन को आंशिक पुनरावर्ती कहा जाता है यदि वह प्रारंभिक फलनों के संयोजन और पुनरावृत्ति की परिमित संख्या द्वारा प्राप्त किया जाता है।

उदाहरण 1.54: दिखाएं की फलन $f(x) = \frac{x}{2}$ आंशिक पुनरावर्ती फलन है।

हलः मान लीजिए कि $g(x, y) = |2y - x|$ यह नियमित नहीं है क्योंकि $|2y - x| = 0$ केवल x के सम मान के लिए होता है।

परिभाषित करें, $f(x) = \mu_y(|2y - x| = 0) = \frac{x}{2}$, x सम है।

यहाँ, सबसे छोटा y जिसके लिए $|2y - x| = 0, \frac{x}{2}$ है

इसलिए, g आंशिक पुनरावर्ती है।

उदाहरण 1.55: मान लीजिए $[\sqrt{x}]$, सबसे बड़ा पूर्णांक $\leq \sqrt{x}$ है। दिखाएँ कि $[\sqrt{x}]$, एक प्रीमिटिव पुनरावर्ती है।

हल : हम जानते हैं कि,

$$(y+1)^2 \dot{-} x = \begin{cases} 0, \ (y+1)^2 < x \text{ के लिए} \\ \text{शून्य के } (y+1)^2 \geq x \text{ के लिए} \end{cases}$$

$$\text{इसलिए } \overline{s_g}((y+1)^2 \dot{-} x = \begin{cases} 1 \text{ यदि } \ (y+1)^2 < x \\ 0 \text{ यदि } \ (y+1)^2 \geq x \end{cases}$$

$(y + 1)^2 \geq x$ होने पर y का सबसे छोटा मान $\sqrt{x}$ है।

चूंकि $([\sqrt{x}, +1]^2 > x)$, $[\sqrt{x},] = \mu_y(\overline{S_g}\,(y+1)^2 \dot{-} x) = 0)$

और चूंकि $[\sqrt{x}]$ को सभी x के लिए परिभाषित किया गया है, $[\sqrt{x}]$ एक पुनरावर्ती फलन है।

अभिलाक्षणिक फलन (Characteristic Function): मान लीजिए कि U सार्वभौमिक (Universal) समुच्चय और A, U उप –समुच्चय है। फलन $Y_A : \cup \to [0,1]$ को

$$Y_A(x) = \begin{cases} 1 \text{ यदि } x \in A \\ 0 \text{ यदि } x \notin A \end{cases}$$

द्वारा परिभाषित किया गया है, और इसे समुच्चय A का अभिलाक्षणिक फलन कहा जाता है।

टिप्पणी

पुनरावर्ती (Recursive) : किसी भी समुच्चय A को पुनरावर्ती (आंशिक पुनरावर्ती) कहा जाता है यदि उसका अभिलाक्षणिक फलन Y_A पुनरावर्ती (आंशिक पुनरावर्ती) होता है।

नोटः यदि एक समुच्चय A पुनरावर्ती है, तो Y_A भी पुनरावर्ती होंगा। चूंकि $Y_{\overline{A}} = 1 \dot{-} Y_A = \overline{S_g}\,(Y_A)$, $\overline{A}$ भी पुनरावर्ती है। यदि A और B पुनरावर्ती हैं, तो $A \cap B$ और $A \cup B$ भी पुनरावर्ती होंगे,

चूँकि $Y_{A\cap B} = Y_A * Y_B$ और $Y_{A\cup B} = (Y_A + Y_B) \dot{-} Y_{A\cap B}$

उदाहरण 1.56: दिखाएँ कि सम और विषम प्राकृत संख्याओं दोनों के ही समुच्चय प्रीमिटिव पुनरावर्ती होते हैं।

हल : मान लीजिए कि E विषम प्राकृत संख्याओं का समुच्चय हैं।

$$\text{चूँकि } Y_E(x) = \begin{cases} 1 & \text{यदि } x \in E \\ 0 & \text{यदि } x \notin E \end{cases} = P_r(x)$$

$Y_E(x)$ वांछित अभिलाक्षणिक फलन है जो प्रीमिटिव पुनरावर्ती भी है। इसलिए समुच्चय E प्रीमिटिव पुनरावर्ती है। चूँकि $\overline{E}$ प्राकृत संख्याओं का समुच्चय है, इसलिए यह भी प्रीमिटिव पुनरावर्ती होगा।

उदाहरण 1.57: दिखाएँ कि धनात्मक पूर्णांक n के विभाजकों का समुच्चय पुनरावर्ती होता है।

हलः यदि x, n को विभाजित करता है तो $\frac{n}{x} = i, 1 \le i \le n.$

यानी, $x*i = n$ तो $x \le n$, n का एक विभाजन होगा यदि $|x*i-n| = 0$, i के एक निश्चित मान के लिए $|x*i-n| \ne 0$ है।

और यदि x एक भाजक नहीं है, तो $|x*i-n| \ne 0$ सभी $1 \le i \le n$ के लिए है। मान लीजिए कि B का n के भाजक का समुच्चय है। विचार करें,

$$\sum_{i=1}^{n} \overline{S_g}\,|x*i-n| = \begin{cases} \overline{S_g}(0) = 1 \text{ यदि } x \text{ एक डिवाइजर है।} \\ \overline{S_g}\ (\text{एक गैर} - \text{शून्य}) = 0, \text{ यदि } x \text{ एक डिवाइजर नहीं है।} \end{cases}$$

$$= \begin{cases} 1 & \text{यदि } x \in B \\ 0 & \text{यदि } x \notin B \end{cases}$$

$$= Y_B(x)$$

जहां, B, n के विभाजकों का समुच्चय है। इसलिए समुच्चय B पुनरावर्ती है।

टिप्पणी

उदाहरण 1.58: मान लीजिए कि $D(x)$, x के भाजक की संख्या बताता है। तो दिखाएँ कि $D(x)$ प्रीमिटिव पुनरावर्ती है।

हल: हम जानते हैं कि, x द्वारा y के विभाजन पर शेष को परिभाषित करने वाला फलन प्रीमिटिव पुनरावर्ती होता है। हम इस तरह के फलन को $rm(x, y)$ द्वारा निरूपित करेंगे। यदि कोई संख्या x को y विभाजित करती है, तो $rm(x, y) = 0$ और $\overline{S_g}\, rm(x, y) = 1$। ताकि y के लिए विभाजकों की संख्या होगी,

$$D(y) = \sum_{x=1}^{y} \overline{S_g}\left(rm(x, y)\right)$$

इसलिए $D(y)$ प्रीमिटिव पुनरावर्ती है।

उदाहरण 1.59: दर्शाएँ कि 'x एक अभाज्य है' एक प्रीमिटिव पुनरावर्ती है।

हल : एक संख्या $x(\neq 0, \neq 1)$ एक अभाज्य है यदि इसमें केवल दो भाजक 1 और x है। मान लीजिए कि $\overline{p_r}$ गैर– अभाज्य का समुच्चय है। क्योंकि

$$S_g\,(D(x)\,\underline{\,.\,}\,2) + \overline{S_g}\,(|x-1|) + \overline{S_g}\,(|x-0|)$$

$$= \begin{cases} 1 \text{ यदि } x \in \overline{pr} \\ 0 \text{ यदि } x \notin \overline{pr} \end{cases}$$

$$= Y_{\overline{\mathrm{Pr}}}(x)$$

$Y_{\overline{\mathrm{P_r}}}$ प्रीमिटिव पुनरावर्ती है। लेकिन $Y_{\overline{\mathrm{P_r}}}(x) = 1 \cdot Y_{\overline{\mathrm{Pr}}}(x)$,

$Y_{\overline{\mathrm{P_r}}}(x)$ भी प्रीमिटिव पुनरावर्ती है। इसलिए, P_r प्रीमिटिव पुनरावर्ती है।

एकरमान फलन (Ackermann's Function) : अगर फलन $A(x, y)$ को निम्नलिखित विधि से परिभाषित किया जाता है तो,

$$A(0, y) = y + 1$$
$$A(x + 1, 0) = A(x, 1)$$
$$A(x + 1, y + 1) = A(x)A(x + 1, y))$$

इसे एकरमान फलन कहा जाता है।

नोट: $A(x, y)$ को अच्छी तरह से परिभाषित किया गया है और यह पूर्ण है। इसके अलावा, $A(x, y)$ प्रीमिटिव पुनरावर्ती नहीं बल्कि पुनरावर्ती है।

अब हम प्रदर्शित करेगें कि उपरोक्त परिभाषा का उपयोग $A(3, 3)$ के मान को ज्ञात करने में कैसे किया जा सकता है,

$$\begin{aligned} A(3, 3) &= A(2, A\,(3, 2)) \\ A(3, 2) &= A(2, A\,(3, 1)) \\ A(3, 1) &= A(2, A\,(3, 0)) \\ &= A(2,\; A(2, 1)) = A(2, A(0, 4)) = A(2, 5) \end{aligned}$$

टिप्पणी

क्योंकि, $A(2, 1) = A(1, A(2, 0))$
$= A(1, A(1, 1))$
$A(1, 1) = A(0, A(1, 0))$
$= A(0, A(0, 1)) = A(0, 2) = 3$

इसलिए, $A(2, 1) = A(1, 3)$
$= A(0, A(1, 2))$
$A(1, 2) = A(0, A(1, 1))$
$= A(0, 3) = 4$

इस प्रकार, $A(2, 1) = A(0, 4) = 5$

फिर से, $A(2, 2) = A(1, 5) = A(0, A(1, 4))$
$A(1, 4) = A(0, A(1, 3))$
$A(1, 3) = A(0, A(1,2)) = A(0, 4) = 5$
$A(1, 4) = A(0, 5) = 6$
$A(2, 2) = A(0, 6) = 7$

फिर से, $A(2, 5) = A(1, A(2, 4))$
$A(2, 4) = A(1, A(2, 3))$
$A(2, 3) = A(1, A(2, 2)) = A(1, 7)$
$A(1, 7) = A(0, A(1, 6))$
$A(1, 6) = A(0, A(1, 5))$
$A(1, 5) = A(0, A(1, 4)) = A(0, 6) = 7$
$A(1, 6) = A(0, 7) = 8$
$A(1, 7) = A(0, 8) = 9$

इस तरह, $A(2, 3) = 9$

इसी तरह,
$A(2, 4) = 11$
$A(2, 5) = 13$

इस प्रकार, $A(3, 1) = 13$

अब, $A(3, 2) = A(2,13) = 29$ इसी विधि से

अंत में, $A(3, 3) = A(2, 29) = 61$

क्योंकि, $A(2, n) = 2n + 3$

ध्यान दे कि $A(0, n) = n + 1$
$A(1, n) = n + 2$
$A(2, n) = 2n + 3$

टिप्पणी

अपनी प्रगति जांचिए

1. उप बीजगणित को परिभाषित कीजिए।
2. द्वैतता की व्याख्या कीजिए।
3. अणु को परिभाषित कीजिए।
4. E का गुणनों के योग में रूपांतरण कीजिए।
5. तार्किक फलनों के कार्नो मानचित्र या मैप की व्याख्या कीजिए।
6. प्राथमिक गुणन और योग का वर्णन कीजिए।
7. निमनिष्ठ पद और उच्चिष्ठ पद को परिभाषित कीजिए।
8. संबंध की व्याख्या कीजिए।
9. समुच्चय A से समुच्चय B के बीच फलन या मैपिंग की विधि का वर्णन कीजिए।
10. पूर्ण और आंशिक फलन की व्याख्या कीजिए।
11. प्रोजेक्शन फलन का वर्णन कीजिए।
12. अभिलाक्षणिक फलन की व्याख्या कीजिए।

1.6 अपनी प्रगति जांचिए प्रश्नों के उत्तर

1. मान लीजिए कि C बूलियन बीजगणित B का एक गैर–रिक्त उप समुच्चय है। तब हम कह सकते हैं कि C, B का उप–बीजगणित होगा, अगर B की संक्रियों के सापेक्ष में C भी अपने आप मे बूलियन बीजगणित हो।
2. बूलियन बीजगणित B में कोई भी कथन द्वैत कथन होता है अगर संक्रियों +, ., ', और मूल कथन में उनके ततस्मक अवयवों 0 और 1 को आपस में बदलकर प्राप्त किया गया हो।
3. बीजगणित $(B,+,.,')$ में एक शून्येतर अवयव 'a' को अणु (Atom) कहा जाता है। अगर प्रत्येक $x \in B$ के लिए, $x \wedge a = a$ या $x \wedge a = 0$ होता है।
4. चरण 1. किसी भी कोष्ठक में पूरक ऑपरेशन को स्थानांतरित करने के लिए डी मॉर्गन (De Morgan's) के नियमों और अन्तवर्लन (Involution) का उपयोग करें।

   चरण 2. E को गुणनों का योग में बदलने के लिए वितरक नियम का उपयोग करें।

   चरण 3. E के प्रत्येक गुणनों को 0 या एक मूल गुणनों में बदलने के लिए क्रम विनिमय नियम (Commutative), वर्गसम (Idempotent) और (Complement Laws) पूरक नियमों का उपयोग करें।

   चरण 4. E को गुणनों का योग में बदलने के लिए अवशोषण (Absorption) और ततस्मक नियमों (Identity Laws) का उपयोग करें।

5.. कार्नो मानचित्र उन तकनीकों में से एक है जो तार्किक फलनों के बूलियन आलेखों के निरूपण को नियोजित करता है। यह तकनीक बूलियन व्यंजकों को सरल बनाने में बहुत उपयोगी साबित होता है। इस पद्धति में, एक सत्य तालिका में निहित सूचना पीओएस या एसओपी रूप (POS या SOP) में उपलब्ध होती है और फिर उसे, कार्नो मानचित्र (K–मैप) में दर्शाया जाता है।

6. एक सूत्र में चर के गुणन और उनके निषेधन (Negation) को चर का प्राथमिक गुणन और चर के योग और उनके निषेधन (Negation) को प्राथमिक योग कहा जाता है। प्राथमिक (Elementary) गुणन या योग का कोई भी हिस्सा जो खुद एक प्राथमिक (Elementary) गुणन या योग है, उसे प्राथमिक गुणन या योग का घटक कहा जाता है।

7. (a) निमनिष्ठ पद (Minterm) : किसी दिए गए चरों के लिए, निमनिष्ठ पद (Minterm) संयोजन (Conjunctions) से युक्त होते है जिनमें प्रत्येक चर या उसका निषेधन, लेकिन दोनों नहीं, केवल एक ही बार आते हो।

   (b) उच्चिष्ठ पद (Maxterm) : किसी दिए गए चरों की संख्या के लिए, उच्चिष्ठ पद वियोजन से युक्त होता हैं जिनमें प्रत्येक चर या उसका निषेधन, लेकिन दोनों नहीं, केवल एक बार ही दिखाई देते हैं।

8. संबंध क्रमित युग्मों का एक समुच्चय है। मूल रूप से, संख्याओं का कोई भी समूह एक संबंध है यदि ये संख्या जोड़े में आती है। इस प्रकार, 'संबंध' सूचना के समुच्चय के बीच केवल एक परिभाषित संबंध होता है। गणित में, संबंध केवल क्रमित युग्मों का एक समुच्चय है। यह अंकगणित संबंधों का एक सामान्यीकरण है जिसमें '=' और '<' शामिल हैं। समुच्चय संबंधों के निरूपण में, { } प्रतीक का उपयोग किया जाता है।

9. समुच्चय A से समुच्चय B के बीच फलन या मैपिंग एक 'विधि' है जो समुच्चय A के अवयवों को समुच्चय B के युग्म अवयवों से जोड़ता है और हम $f: A \to B$ को यह इंगित करने के लिए दर्शाते हैं कि समुच्चय A से समुच्चय B तक f एक फलन है।

   B को फलन f का सह–डोमेन (Co-Domain) कहा जाता है और A को उसका डोमेन (Domain) कहा जाता है। इसके अलावा, A के प्रत्येक अवयव a के लिए, f, B के अवयव b को परिभाषित करता है।

10. कोई भी फलन $f: N^n = N \times N \times ...... \to N$ को पूर्ण कहा जाता है यदि इसे N^n में प्रत्येक n–टुपल (Tuple) के लिए परिभाषित किया गया हो। यदि $f: D \to N$ परिभाषित किया गया है, जहां $D \leq N^n$, तब f को आंशिक फलन कहा जाता है।

11. एक फलन $U_i^n : N^n \to N$ को $U_i^n\ (x_1, x_2, ..., x_i, ...\ x_n) = x_i$, द्वारा परिभाषित किया जाता है, तो सभी $x_i \in N, i = 1, 2, ...\ n$, के लिए, इसे प्रोजेक्शन फलन कहा जाता है।

12. अभिलाक्षणिक फलन (Characteristic Function): मान लीजिए कि U सार्वभौमिक (Universal) समुच्चय और A, U उप –समुच्चय है। फलन $Y_A : \cup \to [0,1]$ को

$$Y_A(x) = \begin{cases} 1 \text{ यदि } x \in A \\ 0 \text{ यदि } x \notin A \end{cases}$$

टिप्पणी

द्वारा परिभाषित किया गया है, और इसे समुच्चय A का अभिलाक्षणिक फलन कहा जाता है।

1.7 सारांश

- बूलियन बीजगणित एक जालक है जिसमें सबसे छोटा और सबसे बड़ा अवयव (Element) होते है और दोनों एक दुसरे के पूरक और वितरक (साहचर्य) होते हैं।
- मान लीजिए कि C बूलियन बीजगणित B का एक गैर–रिक्त उप समुच्चय है। तब हम कह सकते हैं कि C, B का उप–बीजगणित होगा, अगर B की संक्रियों के सापेक्ष में C भी अपने आप मे बूलियन बीजगणित हो।
- बूलियन बीजगणित में कोई भी कथन द्वैत कथन होता है अगर संक्रियों $+$, ., ′, और मूल कथन में उनके ततस्मक अवयवों 0 और 1 को आपस में बदलकर प्राप्त किया गया हो।
- बीजगणित $(B,+,.,')$ में एक शून्येतर अवयव 'a' को अणु (Atom) कहा जाता है। अगर प्रत्येक $x \in B$ के लिए, $x \wedge a = a$ या $x \wedge a = 0$ होता है।
- मूलाक्षर (Literal) एक चर या पूरक चर या मौलिक उत्पाद होता है। एक मौलिक उत्पाद मूलाक्षर (Literal) दो या दो से अधिक का मूलाक्षरों (Literal) का गुणन होता है, जिसमें मे एक ही चर के कोई भी दो मूलाक्षर (Literal) शामिल नहीं होने चाहिए।
- एक मौलिक गुणन p_1 को दूसरे मौलिक गुणन p_2 में शामिल (Contain) होना कहा जाता है जब p_1 का मूलाक्षर गुणन p_2 का भी मूलाक्षर (Literal) होता है।
- कार्नो मानचित्र उन तकनीकों में से एक है जो तार्किक फलनों के बूलियन आलेखों के निरूपण को नियोजित करता है। यह तकनीक बूलियन व्यंजकों को सरल बनाने में बहुत उपयोगी सिद्ध होता है। इस पद्धति में, एक सत्य तालिका में निहित सूचना पीओएस या एसओपी रूप (POS या SOP) में उपलब्ध होती है और फिर उसे, कार्नो मानचित्र (K–मैप) में दर्शाया जाता है।
- 4 चर K–मैप के केस में, किसी भी कोष्ठक से जुड़े 4 चर के लिए 6 संभावित समूह होते हैं।
- 4–चर K–मैप में निकटवर्ती आठ के समूहों को बनाने वाली कोष्ठक की दशमलव संख्या निम्नलिखित होती है।

  0, 4, 12, 8, 1, 5, 13, 9
  0, 4, 12, 8, 2, 6, 14, 10
  0, 1, 3, 2, 4, 5, 7, 6
  0, 1, 3, 2, 8, 9, 11, 10

1, 5, 13, 9, 3, 7, 5, 11

4, 5, 7, 6, 12, 13, 15, 14

12, 13, 15, 14, 8 9 11 10

3, 7, 15, 11, 2, 6, 14, 10

- 1's के समूहीकरण करने की पूर्व प्रक्रिया की तरह, K–मैप में 0's को भी समूहीकृत किया जा सकता है। ऐसे केसों में, दो निकटवर्ती 0's के समूह के कारण मूलाक्षर (Literal) प्राप्त होता है जो दो उच्छिष्ट पद (Maxterm) को हटाने के समान होता है। यही प्रक्रिया n–चर K–मैप में 4, 8 या 2^n शून्य के समूह में भी लागू की जा सकती है।
- इम्प्लिकेंट पद निकटवर्ती निमनिष्ठ पद का समुच्चय या निमनिष्ठ पद के समुच्चय से प्राप्त सरलीकृत गुणन पद को दर्शाता है।
- एक इम्प्लिकेंट को मुख्य इम्प्लिकेंट कहा जाता है जब यह किसी अन्य इम्प्लिकेंट के फलन का उप–समुच्चय नहीं होता है।
- एक मुख्य इम्प्लिकेंट जिसमें '1' कोष्ठक शामिल होता है जो किसी भी अन्य मुख्य इम्प्लिकेंट में शामिल नहीं होता है, वह आवश्यक इम्प्लिकेंट कहलाता है।
- एक सूत्र जो किसी दिए गए सूत्र के तुल्य (बराबर) होता है और जो प्राथमिक गुणनों का योग होता है, उस दिए गए सूत्र को वियोजनीय सामान्य रूप कहा जाता है।
- एक सूत्र जो किसी दिए गए सूत्र के तुल्य (बराबर) होता है और जो प्राथमिक योगों का गुणन होता है, उसे दिए गए सूत्र का संयोजनीय सामान्य रूप कहा जाता है।
- यदि कोई सूत्र पुनरुक्ति (Tautology) है, तो स्पष्ट रूप से सभी निमनिष्ठ पद (Minterm) इसके प्रिंसिपल वियोजनी सामान्य रूप में ही होंगे।
- उच्चिष्ठ पद (Maxterm) निमनिष्ठ पद (Minterm) का दोहरा (Duals) होता हैं। द्वैत सिद्धांत से या सीधे सत्य तालिकाओं से, यह पता लगाया जा सकता है कि चरों के सत्य मानों के ठीक एक संयोजन के लिए प्रत्येक उच्चिष्ठ पद का एक सत्य या सही मान 0 होता है।
- संबंध क्रमित युग्मों का एक समुच्चय है। मूल रूप से, संख्याओं का कोई भी समूह एक संबंध है यदि ये संख्या जोड़े में आती है। इस प्रकार, 'संबंध' सूचना के समुच्चय के बीच केवल एक परिभाषित संबंध होता है। गणित में, संबंध केवल क्रमित युग्मों का एक समुच्चय है। यह अंकगणित संबंधों का एक सामान्यीकरण है जिसमें '=' और '<' शामिल हैं। समुच्चय संबंधों के निरूपण में, { } प्रतीक का उपयोग किया जाता है।
- एक फलन $S: N \rightarrow N$ को $S(x) = x + 1$ द्वारा परिभाषित किया जाता है,तो सभी $x \in N$ के लिए, यह उत्तराधिकारी फलन कहलाता है।
- एक फलन को पुनरावर्ती फलन कहा जाता है यदि वह प्रारंभिक फलनों के नियमित फलनों के संयोजन और पुनरावृत्ति की परिमित संख्या द्वारा प्राप्त किया जाता है।

टिप्पणी

1.8 मुख्य शब्दावली

- **अणु** : बीजगणित $(B,+,.,')$ में एक शून्येतर अवयव $\dot{a}'$ को अणु (Atom) कहा जाता है। अगर प्रत्येक $x \in B$ के लिए, $x \wedge a = a$ या $x \wedge a = 0$ होता है।
- **द्वैतता** : बूलियन बीजगणित B में काई भी कथन द्वैत कथन होता है अगर संक्रियों $+, . , '$ और मूल कथन में उनके तवस्मक अवयवों 0 और 1 को आपस में बदलकर प्राप्त किया जाता है।
- **मुख्य इम्प्लिकेंट** : एक इम्प्लिकेंट को मुख्य इम्प्लिकेंट कहा जाता है। जब यह किसी अन्य इम्प्लिकेंट के फलन का उप–समुच्चय नहीं होता है।
- **आवश्यक इम्प्लिकेंट** : एक मुख्य इम्प्लिकेंट जिसमें '1' कोष्ठक शामिल होता है, वह आवश्यक इम्प्लिकेंट कहलाता है।
- **संबंध** : संबंध क्रमित युग्मों का एक समुच्चय है। मूल रूप से संख्याओं का कोई भी समूह एक संबंध है यदि ये संख्या जोड़े या युग्म में आती है।
- **ऑडरिंग** : ऑडरिंग एक द्विआधारी संबंध जो मूल रूप से सकर्मक है और आगे यह या तो प्रतिवर्ती और प्रतिसममित या अप्रतिवर्त और असममित हो सकता है।
- **शून्य फलन** : अगर सभी $x \in N$ के लिए एक फलन $Z: N \to N$ की $Z(x) = 0$ द्वारा परिभाषित किया जाता है, तो यह एक शून्य फलन कहलाता है।
- **अभिलाक्षणिक फलन** : संबंध R के अभिलाक्षणिक फलन को निम्न रूप से परिभाषित किया जाता है।

  यहां $r \times R$, R से N तक एक फलन है और $R \leq N^n$ है।
- **पुनरावर्ती** – किसी भी समुच्चय। को पुरावर्ती (आंशिक पुनरावर्ती) कहा जाता है यदि उसका अभिलाक्षणिक फलन Y_A पुरावर्ती (आंशिक पुरावर्ती) होता है।

1.9 स्व–मूल्यांकन प्रश्न एवं अभ्यास

लघु–उत्तरीय प्रश्न

1. बूलियन फलन क्या है?
2. मूलाक्षर से आप क्या समझते हैं?
3. K-मैप का उपयोग करके तार्किक फलनों का सरलीकरण कीजिए।
4. क्विन–मैक्लुस्की न्यूनीकरण प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए।
5. सामान्य रूप क्या है?
6. वियोजन सामान्य रूप एवं संयोजनीय प्रसामान्य रूप को परिभाषित कीजिए।
7. संबंध क्या है?
8. व्युत्क्रम संबंध और संयुक्त संबंध को परिभाषित कीजिए।

दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न

टिप्पणी

1. बूलियन फलन से आप क्या समझते हैं? बूलियन फलन के सिद्धान्तों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।
2. पूर्ण गुणनों के योग को खोजने के लिए एल्गोरिथम चरणों की व्याख्या कीजिए।
3. निकटवर्ती का समूहन क्या है? साथ ही निकटवर्ती के प्रकारों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।
4. इम्प्लिकेंट पद क्या है? इम्प्लिकेंट के प्रकारों का वर्णन कीजिए। उदाहरण सहित।
5. प्राथमिक गुणन और योग क्या है? उदाहरण देकर संक्षेप में इसकी व्याख्या कीजिए।
6. निमनिष्ठ पद और उच्चिष्ठ पद क्या है? उदाहरण देकर वर्णन कीजिए।
7. संबंध को परिभाषित कीजिए तथा उदाहरण देकर समुच्चय संबंधों के कुछ उदाहरण दीजिए।
8. किसी फलन के व्युत्क्रम संबंध और संयुक्त संबंध को परिभाषित कीजिए तथा फलन की रेंज का उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

1.10 सहायक पाठ्य सामग्री

Pathak, Dr. H. K. 2017. विविक्त गणित (Discrete Mathematics). Meerut (UP): Shiksha Sahitya Prakashan.

Liu, C. L. 1977. *Elements of Discrete Mathematics*. New Delhi: Tata McGraw-Hill Publishing Company.

Deo, Narsingh. 1999. *Graph Theory with Applications to Engineering and Computer Science*. New Delhi: Prentice-Hall of India.

Mott, J. L. 2007. *Discrete Mathematics for Computer Scientists*, 2nd Edition. New Delhi: Prentice-Hall of India Pvt. Ltd.

Rosen, Kenneth. 2007. *Discrete Mathematics and Its Applications*, 6th Edition. New York: McGraw-Hill Higher Education.

Tremblay, Jean Paul and R. Manohar. 1975. *Discrete Mathematical Structures with Applications to Computer Science*. New York: McGraw-Hill Inc.

Singh, Y. N. 2005. *Mathematical Foundation of Computer Science*. New Delhi: New Age International Pvt. Ltd.

Malik, D. S. 2004. *Discrete Mathematical Structures: Theory and Applications*. London: Thomson Learning.

Haggard, Gary, John Schlipf and Sue Whiteside. 2006. *Discrete Mathematics for Computer Science*. California: Thomson Learning.

Khanna, V. K. and S. K. Bhambri. 2008. *A Course in Abstract Algebra*, 3rd Edition. New Delhi: Vikas Publishing House Pvt. Ltd.

टिप्पणी

Grewal, B. S. 1998. *Higher Engineering Mathematics,* 34th Edition. New Delhi: Khanna Publishers.

Narayan, Shanti. 1996. *Differential Calculus,* 14th Edition. New Delhi: S Chand And Company Limited.

Kreyszig, Erwin. *Advanced Engineering Mathematics,* 7th Edition. Mumbai: Wiley Eastern Ltd.

Bali, N. P. 2007. *A Textbook of Engineering Mathematics*. New Delhi: Laxmi Publications (P) Ltd.

Khanna, V. K. and S. K. Bhambri. 2009. *Business Mathematics*. New Delhi: Vikas Publishing House Pvt. Ltd.

इकाई 2 आंशिक क्रम संबंध और जालक

टिप्पणी

संरचना

2.0 परिचय

गणित में, विशेष रूप से क्रम सिद्धांत, एक आंशिक रूप से क्रमित सेट एक सेट के तत्वों के क्रम, अनुक्रमण या व्यवस्था की सहज अवधारणा को औपचारिक रूप देता है और सामान्य करता है। एक क्रमित सेट या समुच्चय में एक बाइनरी रिलेशन या संबंध के साथ एक सेट होता है, जो यह दर्शाता है कि सेट में तत्वों के कुछ युग्म या जोड़ों के लिए, तत्वों में से एक क्रम में दूसरे से पहले होता है। संबंध को 'आंशिक क्रम' कहा जाता है। 'आंशिक क्रम' और 'आंशिक रूप' से 'क्रमित समुच्चय' नामों में आंशिक शब्द का उपयोग एक संकेत के रूप में किया जाता है कि प्रत्येक युग्म तत्वों की तुलना करने की आवश्यकता नहीं है। यही तत्वों के जोड़े हो सकते हैं जिनके लिए न तो तत्व दूसरे को क्रम में रखता है। आंशिक क्रम इस प्रकार कुल क्रमितों का सामान्यीकरण करते हैं, जिसमें प्रत्येक युग्म तुल्नीय होता है। उच्चिष्ठ मानों को संदर्भित करते हैं, अर्थात, उच्चिष्ठ और निमनिष्ठ का मान जो फलन प्राप्त करते हैं। उच्चिष्ठ का तात्पर्य उपरी बाउंड या उच्चतम संभव मात्रा है। किसी फलन के पूर्ण उच्चिष्ठ फलन की श्रेणी में निहित सबसे उच्चतम संख्या है।

एक जलक को एक गैर–रिक्त समुच्चय पर बीजगणित के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसमें बाइनरी ऑपरेशन उपस्थित होते हैं और मिलते हैं जो कि कम्यूटेटिव और सहयोगी होते हैं और अवशोषण पहचान को संतुष्ट करते हैं। हम जालक में वितरण, मॉड्यूलर, बाउंड (शून्य और यूनिट तत्वों के साथ) पूरक, और बूलियन (पूरक के साथ) इन पर विचार करते हैं।

इस इकाई में आप आंशिक क्रम संबंध और जालक, आंशिक क्रमिक समुच्चय का हैसे आरेख, उच्चिष्ठ और निमनिष्ठ अवयव तथा जालक का अध्ययन करेंगे।

टिप्पणी

2.1 उद्देश्य

इस इकाई को पढ़ने के बाद आप–

- आंशिक क्रम संबंध और जालक का वर्णन कर पाएंगे;
- आंशिक क्रमिक समुच्चय का हैसे आरेख को समझ पाएंगे;
- उच्चिष्ठ और निमनिष्ठ अवयव की व्याख्या कर पाएंगे;
- जालक का वर्णन कर पाएंगे।

2.2 आंशिक क्रम संबंध

एक समुच्चय P में एक बाइनरी संबंध (Binary Relation) R को एक आंशिक क्रम संबंध कहा जाता है या P में एक आंशिक क्रम होता है यदि और केवल यदि R स्व्तुल्यता या रफ्लेक्सिव (Reflexive) प्रतिसममित (Antisymmetric) और सक्रमक (Transitive) हो। इसे $\leq$ प्रतीक द्वारा निरूपित किया जाता है। यदि $\leq$ P पर आंशिक क्रम है, तो क्रमिक युग्म $(P, \leq)$ को आंशिक रूप से क्रमबद्ध या आंशिक क्रम समुच्चय कहा जाता है। यदि कोई $x,y \in p$ है, और अगर $x \leq y$ या $y \leq x$, तो $(p, \leq)$ को पूर्ण क्रमिक समुच्चय कहा जाता है।

उदाहरण 2.1 : माना कि R वास्तविक संख्याओं (Real Numbers) का समुच्चय है। तब संबंध 'कम या तुल्य (बराबर)' या 'ज्यादा/अधिक या (तुल्य) बराबर' R पर आंशिक क्रम होता है।

नोट : प्रतीक (Symbol) $\leq$ को वास्तविक संख्याओं के संबंध में 'कम या तुल्य (बराबर)' के साथ भ्रमित या असंगत नहीं होना चाहिए।

उदाहरण 2.2 : सिद्ध करें कि उप–समुच्चय होना 'गैर रिक्त–समुच्चय पर घात–समुच्चय (Power Set) आंशिक क्रम जैसा होता है'।

हल : माना कि $P(A) = 2^A = X$, A की घात–समुच्चय है, अर्थात X, A के सभी उप–समुच्चयों का समुच्चय है। x में किसी भी u,v,w के लिए समुच्चय $U \leq V \Leftrightarrow U \subseteq V$ होगा।

1. स्व्तुलयता (Reflexive) : चूंकि $U \subseteq U$, $U \leq U$ है।
2. प्रतिसममित (Antisymmetric) : मान लीजिए कि $U \leq V$ और $V \leq U$। तब $U \subseteq V$ और $V \subseteq U$।

   इसका तात्पर्य है कि $U = V$ है।
3. सकर्मक (Transistive) : मान लीजिए कि $U \leq V$ और $V \leq W$ है। तब $U \subseteq V$ और $V \subseteq W$ है। इसका अर्थ है कि $U \leq W$ है।

   इसलिए $U \leq W$ है।

   इस प्रकार $(x, \leq)$ एक आंशिक क्रम है।

उदाहरण 2.3 : माना कि X एक घनात्मक पूर्णांकों (Positive Integers) का समुच्चय है। सिद्ध करें कि संबंध 'विभाजित' (Divides) और 'समकल गुणांक' (Intergral Multiples) X पर आंशिक क्रम जैसा होता है।

हल : माना कि a और b दो घनात्मक पूर्णांक हैं, तो हम कहते हैं कि a को b विभाजीत करता है और इसे a/b के रूप में लिखा जाता है, यदि और केवल यदि जब कोई पूर्णांक c इस तरह हो कि $ac = b$ (या b, a का एक समाकल गुणक है)।

टिप्पणी

किसी भी $a,b \in x$, के लिए, $a \leq b \Leftrightarrow a/b$ (=) $ac = b$ होगा।

1. स्वतुलयता (Reflexive) : $a.1= a, a/a$ और इसलिए $a \leq a$।
2. प्रतिसममित (Antisymmetric) : मान लीजिए कि $a \leq b$ और $b \leq a$ है। तब $c, d \in x$ इस तरह उपस्थित होंगे कि $ac = b$ और $bd = a$ होगा। चूँकि $a = bd = acd \Rightarrow cd = 1, c =1$ और $d = 1$ है।

   इसलिए $a = b$ है।
3. सकर्मक (Transitive) : मान लीजिए कि किसी $a,b,c \in x, a \leq b$ और $b \leq c$ है। तब $x, y \in x$ इस तरह उपस्थित होंगे कि $ax = b$ और $by = c$। अब $a\, xy = by = c$ है और $xy \in X, a/c$ है। इसलिए $a \leq c$ होगा। इस प्रकार $(X, \leq)$ एक आंशिक क्रम है।

उदाहरण 2.4: पूर्णांक के समुच्चय Z पर विचार करें। $a \leq b$ को इस तरह परिभाषित करें कि कोई धनात्मक पूर्णांक r है तो $b = a^r$ होगा। सिद्ध करें कि $(z, \leq)$ एक आंशिक क्रमिक समुच्चय है।

हल : माना कि $a,b,c \in Z$

1. स्वतुलयता (Reflexive) : चूंकि $a = a^1$, $a \leq a$ है।
2. प्रतिसममित (Antisymmetric) : मान लीजिए कि $a \leq b$ और $b \leq a$ है और यहाँ धनात्मक पूर्णांक r, s इस तरह उपस्थित है कि $b = a^r$ और $a = b^s$ है। चूंकि $a = b^s = (a^r)^s = a^{rs}$ है इसका मतलब है कि $rs =1$ है लेकिन $rs \in z \Rightarrow r = 1$ और $s = 1$। इसलिए, $a = b$ होगा।
3. सकर्मकता (Transitive) : मान लीजिए कि $a \leq b$ और $b \leq c$ है। तब धनात्मक पूर्णांक r, s इस तरह उपस्थित होंगे कि $b = a^r$ और $c = b^s$ होंगे। अब $c = b^s = (a^r)^s = a^{rs}$ और $rs \in Z$ का अर्थ है कि $a \leq c$ है। इस प्रकार $(Z, \leq)$ एक आंशिक क्रमिक समुच्चय है।

उदाहरण 2.5 : यदि R समुच्चय x और $A \leq x$ से आंशिक क्रमिक रूप से संबंधित है, तो दिखाएँ कि $R \cap (A \times A)$, A पर आंशिक क्रमिक संबंध है।

हल : $R \cap (A \times A)$ को R^1 से निरूपित करें।

1. स्वतुलयता (Reflexive) : माना कि $x \in A$ है। तब $(x, x) \in A \times A$ होगा।

   चूँकि R स्वतुलय है, $(x, x) \in R$ (ध्यान दें कि $x, x) \in R$ का अर्थ है xRx। इसलिये $(x, x) \in R \cap (A \times A) = R^1$ है।
2. प्रतिसममित (Antisymmetric) : मान लीजिए $(x, y) \in R^1$ और $(y, x) \in R^1$ है। इसका तात्पर्य है कि $(x, y) \in R \cap (A \times A)$ और $(y, x) \in R \cap (A \times A)$ है। चूँकि R प्रतिसममित, $(x, y) \in R$ और $(y, x) \in R$ है तो $x = y$ होगा।
3. सकर्मक (Transitive) : मान लीजिए $(x, y) \in R^1 = R \cap (A \times A)$ और

टिप्पणी

$(y, z) \in R^1 = R \cap (A \times A)$। ऐसा R सक्रमक होगा।

$(x, y) \in R$ और $(y,z) \in R$

$\Rightarrow$ स्पष्ट रूप से $(x, z) \in R$ है।

$(x, z) \in A \times A$ और इसलिए $(x, z) \in R \cap (A \times A) = R^1$

इस प्रकार $R^1 = R \cap (A \times A), A$ पर आंशिक क्रमिक संबंध है।

2.3 आंशिक क्रमिक समुच्चय का हैसे आरेख

रूप या हैसे आरेख एक आंशिक क्रम समुच्चय P की एक तस्वीर (Picture) है। इसलिए यह P के अवयवों के प्रकारों का वर्णन करने में बहुत उपयोगी होता है। कई बार हम आंशिक क्रमिक समुच्चय को इसके हैसे आरेख को उपस्थित कर परिभाषित करते हैं।

P पर संबंध < को x < y (=) $x < y$ ढल से परिभाषित करें। लेकिन $x \neq y$ होना चाहिए। माना कि $(p, \leq)$, एक आंशिक क्रमिक समुच्चय है। एक अवयव $y \in p$ एक अन्य अवयव $x \in p$ को आवृत करेगा अगर $x < y$ और कोई अवयव $z \in p$ उपस्थित नहीं हो, इस प्रकार कि $x \leq z$ और $z \leq y$ हो; अर्थात् y, x को आवृत करता है।

$\Leftrightarrow$ ($x < y$ और $x \leq z \leq y \Rightarrow x = z$ या $z = y$)

यहाँ हम कहते हैं कि y, x का तत्काल पूर्ववर्ती (Immediate Predecessor) है या x, y का एक तत्काल पश्चातवर्ती (Immediate Successor) है।

समुच्चय P पर आंशिक क्रमिक संबंध $\leq$ को आरेख के माध्यम से दर्शाया जा सकता है जिसे हैसे आरेख या $(p, \leq)$ का आंशिक क्रमिक समुच्चय आरेख के रूप में जाना जाता है।

प्रक्रिया

1. p के प्रत्येक अव्यव को एक छोटे वृत्त (Circle) या एक डॉट (Dot) द्वारा दर्शाएँ।
2. $x \in p$ के वृत्त को $y \in p$ के वृत्त के नीचे खींचें यदि $x < y$, और x और y के बीच एक रेखा खींचें यदि y, x को आवृत करता है।
3. यदि $x < y$ और y, x को आवृत नहीं करता है, तो x और y सीधे एक रेखा से जुड़े नहीं होते हैं। बल्कि, यह p के एक या अधिक अवयवों के माध्यम से जुड़े हुए होते हैं।

नोट्स

1. हैसे आरेख का भाग p आवश्यक नहीं जुड़े हुए हो। इसके अलावा, p के आरेख में कोई निर्देशित चक्र (Directed Cycles) नहीं होती है क्योंकि आंशिक क्रम संबंध प्रतिसममित होते है।
2. पूर्ण क्रमिक समुच्चय $(p, \leq)$ में, हैसे आरेख में एक के नीचे दूसरा वृत्त होता हैं।
3. इस तरह के एक हैसे आरेख में $\leq$ के लिए क्रमिक युग्म (Ordered Pairs) के समुच्चय को प्राप्त करना संभव है।

उदाहरण 2.6 : माना कि $p = \{\phi,(a),(a,b),(a,b,c)\}$ और संबंध $\leq$ इस तरह है कि $A \leq B$ होगा यदि । $A \subseteq B, p$ पर समावेश संबंध (Inclusion Relation) है। $(p, \leq)$ का हैसे आरेख बनाएं।

हल :



उदाहरण 2.7 : माना कि $x = \{2,3,6,12,24,36\}$ और $\leq$ सम्बन्ध इस तरह है कि $x \leq y$ होगा यदि x, y को विभाजित करता है। $(x, \leq)$ का हैसे आरेख बनाएं।

हल : यहाँ,

$$\leq = \{(2,2),(2,6),(2,12),(2,24),(2,36),(3,3),(3,6),$$
$$(3,12),(3,24),(3,36),(6,6),(6,12),(6,24),$$
$$(6,36),(12,12),(12,24),(12,36),(24,24),(36,36)\}$$

तो इसी प्रकार हैसे आरेख नीचे दर्शाया गया है :



उदाहरण 2.8 : माना कि $A = \{a,b,c\}$ और $p(A)$ इसका घात समुच्चय (Power Set) है। माना कि $\subseteq$, $p(A)$ पर संयुक्त संबंध है। हैसे आरेख बनाएं।

हल : यहाँ $p(A) = \{\phi,(a),(b),(c),(a,b),(a,c),(b,c),(a,b,c)\}$ और अनुकूल हैसे आरेख नीचे दर्शाया गया है:



उदाहरण 2.9 : माना कि $A = \{1,2,3,4\}$ और $p(A)$ इसका घात समुच्चय (Power Set) है। माना कि $\subseteq$, $p(A)$ पर समावेश संबंध है। हैसे आरेख बनाएं।

टिप्पणी



हल : माना कि $(p, \leq)$, एक आंशिक क्रम समुच्चय (Order Set) है और माना कि $A \subseteq P$ है। एक अवयव $x \in p$, A के लिए ऊपरी परिबंध या अपर बाउन्ड है यदि सभी $a \in A, a \leq x$ है। इसी तरह, कोई भी अवयव $x \in p, A$ के लिए निम्न परिबंध है यदि सभी $a \in A, x \leq a$ है।

दूसरे शब्दों में, $x \in p$, a और b का उपरी परिबंध (Upper Bound) होगा यदि $a \leq x$ और $b \leq x$ है। इसी तरह, $x \in p$ को a और b का निम्न परिबंध या लोअर बाउन्ड (Lower Bound) कहा जाता है, अगर $x \leq a$ और $x \leq b$ है।

एक अवयव $x \in p$, A के लिए एक निमनिष्ठ उपरी परिबंध (LUB) होगा, अगर x, (A और $x \leq y$) के लिए एक उपरी परिबंध है, जहाँ y, A के लिए कोई उपरी परिबंध है। दूसरे अर्थों में $x \in p$, a और b का निमनिष्ठ उपरी परिबंध (LUB) होगा अगर $a \leq x$ और $b \leq x$ है और अगर $y \in p$ के लिए, $a \leq y, b \leq y \Rightarrow x \leq y$ है।

इसी प्रकार A के लिए ग्रैटस्ट या उच्चिष्ठ निम्न परिबंध (GLB) एक अवयव $x \in p$ इस तरह है कि x एक निम्न परिबंध है और y के सभी निम्न परिबंधों के लिए $y \leq x$ है। दूसरे शब्दों में $x \in p$, a और b का GLB होगा, यदि $x \leq a$, $x \leq b$ और यदि $y \in p, y \leq a, y \leq b \Rightarrow y \leq x$ है।

नोटः कुछ लेखक LUB के बजाय उच्चिष्ठ (Supremum) और GLB के बजाय निमनिष्ठ (Infimum) शब्द का उपयोग करते हैं।

उदाहरण 2.10: माना कि $p = \{1, 2, 3,5,6,10,15,30\}$ और $\leq$ p पर एक 'विभाज्य 'संबंध है। तब सिद्ध करें कि $(p, \leq)$, एक आंशिक क्रम समुच्चय है। 2 और 3 के उपरी परिबंध के समुच्चय $\{x \in p : 2 \leq x,\ 3 \leq x\} = \{x \in p : 2/x, 3/x\} = \{6,30\}$ । हैसे आरेख बनाएं।

हल : इस समुच्चय का निम्न अवयव 6 है तो 2 और 3 का LUB = 6 होगा। 6 और 15 के निम्न परिबंध का समुच्चय $\{1, 3\}$ होगा। इस समुच्चय का सबसे बड़ा अवयव 3 है। इसलिए 6 और 15 का GLB = 3 होगा।

इस उदाहरण के लिए हैसे आरेख नीचे दर्शाया गया है :



टिप्पणी

उदाहरण 2.11 : $(N, \leq)$ के लिए हैसे आरेख बनाएं, जहां $A = \{1,2,3,4,12\}$ और $x \leq y$ यदि और केवल यदि x/y हो।

हल : इस उदाहरण के लिए हैसे आरेख नीचे दर्शाया गया है :



उदाहरण 2.12 : माना कि A किसी विशेष धनात्मक पूर्णांक m और e के कारकों का समुच्चय, $\leq$ एक 'विभाज्य' संबंध, अर्थात, $\leq = \{(x, y) | x \in A$ और $y \in A$ और $(x, y$ को विभाजित करता है$)\}$। (a) $m = 12$, (b) $m = 30$, (c) $m = 45$ के लिए हैसे आरेख बनाएं।

हल : इस उदाहरण के लिए हैसे आरेख नीचे दर्शाया गया है :



उदाहरण 2.13 : दिखाएँ कि तीन अवयवों वाले आंशिक रूप से क्रमिक समुच्चयों के लिए केवल पाँच अलग–अलग हैसे आरेख होते हैं ।

हल : मान लें कि यदि $a \leq b$ अगर a/b है और $A = \{2,3,5\}$, $B = \{2,3,4\}$, $C = \{2,3,6\}$, $D = \{2,4,6\}$, और $E = \{2,4,8\}$ समुच्चयों पर विचार करें। तब इसका हैसे आरेख नीचे दर्शाया गया है :



(A, ≤) (B, ≤) (C, ≤) (D, ≤) (E, ≤)

आंशिक क्रम समुच्चयों के लिए ये एकमात्र विशिष्ट हैसे आरेख हैं जिनमें तीन अवयव हैं।

टिप्पणी

2.4 उच्चिष्ठ और निमनिष्ठ अवयव

एक अवयव $x \in p$ को उच्चिष्ठ (उच्चिष्ठ) अवयव कहा जाता है यदि सभी के लिए $a \in p, a \leq x$ होता है। एक अवयव $x \in p$ को निमनिष्ठ (निमनिष्ठ) अवयव या निमनिष्ठ अवयव कहा जाता है यदि सभी $a \in p, x \leq a$ होता है। उच्चिष्ठ अवयव को 1 और निमनिष्ठ अवयव को 0 के रूप में दर्शाया जाता है।

प्रमेय 2.1 : यदि किसी आंशिक क्रम समुच्चय $(p, \leq)$ में निमनिष्ठ अवयव हैं , तो यह अवयव अद्वितीय होगा। इसी प्रकार, यदि किसी आंशिक क्रम समुच्चय $(p, \leq)$ में उच्चिष्ठ अवयव है, तो यह भी अद्वितीय होगा।

प्रमाण : मान लीजिए कि x_1 और x_2 कोई दो निमनिष्ठ अवयवों हैं। चूंकि x_1 एक निमनिष्ठ अवयव है, $x_1 \leq x_2$ और x_2 भी एक निमनिष्ठ अवयव $x_2 \leq x_1$ है। क्योंकि $\leq$ प्रतिसममित है इसलिए हमें $x_1 = x_2$ मिलता है। इस प्रकार, निमनिष्ठ अवयव यदि कोई उपस्थित है, तो वह अद्वितीय होगा। द्वैता से, दूसरे परिणाम प्राप्त होगा।

उदाहरण 2.14 : $(X, \leq)$ के लिए हैसे आरेख बनाएं, जहां $X = \{2,3,6,12,24,36\}$ है और $x \leq y$ यदि x/y है। निम्नलिखित को ज्ञात करें–

1. $A = \{2,3,6\}$ का LUB और GLB
2. $B = \{2,3\}$ का LUB और GLB
3. $C = \{6,12\}$ का LUB और GLB

हल :



1. A का LUB = 6 है; A का GLB उपस्थित नहीं है।
2. B का LUB = 6 है; लेकिन GLB नहीं है।
3. C का LUB = 12 है; C का GLB = 6 है।

उदाहरण 2.15 : हैसे आरेख से :



टिप्पणी

1. सभी निम्न परिबंध 8 और 12 ज्ञात कीजिए।
2. सभी उपरी परिबंध 8 और 12 ज्ञात कीजिए।
3. 8 और 12 का GLB ज्ञात कीजिए।
4. 8 और 12 का LUB ज्ञात कीजिए।

हल :

1. 8 और 12 का निम्न परिबंध 1,2,4 हैं।
2. 8 और 12 का उपरी परिबंध 24 है।
3. 8 और 12 का GLB 4 है।
4. 8 और 12 का LUB 24 है।

2.5 जालक या लैटिस

एक जालक या लैटिस एक आंशिक क्रमिक समुच्चय $(L, \leq)$ होता है, जिसमें अवयवों की प्रत्येक जोड़ी या युग्म $a, b \in L$ में उच्चिष्ठ निम्न परिबंध (GLB) और एक निमनिष्ठ उपरी परिबंध (LUB) हो।

उच्चिष्ठ निम्न परिबंध (GLB) के एक उपसमुच्चय $\{a, b\} \subseteq L$ को $a \wedge b$ और निमनिष्ठ निम्न परिबंध (LUB) को $a \vee b$ से दर्शाया जाता है। तो GLB $\{a, b\} = a \wedge b$, को a और b का सम्मिलन (Meet) कहा जाता है और LUB $\{a, b\} = a \vee b$, को a और b का जोड़ना (Join) कहा जाता है।

ध्यान दें कि $\vee$ और $\wedge$ बाइनरी संक्रिया या आपरेशन (Binary Operations) हैं और हम जालक या लैटिस को $(A, \wedge, \vee)$ द्वारा दर्शाते हैं। $\wedge, \vee$ की परिभाषा से, निम्नलिखित को निरूपित किया जाता है :

1. $a \leq a \vee b$; $b \leq a \vee b$ (अर्थात., $a \vee b$, a और b का UB है)।
2. $a \wedge b \leq a$; $a \wedge b \leq b$ (यानी, $a \wedge b$, a और b का UB है)।
3. यदि कोई $a \leq c$ और $b \leq c$ है तो $a \vee b \leq c$ (अर्थात्, $a \vee b$, a और b का LUB है)।
4. यदि $c \leq a$ और $c \leq b$ है तो $c \leq a \wedge b$ (अर्थात्, $a \wedge b, a$ और b का GLB है)।

उदाहरण के लिए, निम्नलिखित जालक हैं–



उदाहरण के लिए, निम्नलिखित आंशिक क्रम समुच्चय हैं, लेकिन जालक नहीं हैं–

टिप्पणी

  

उदाहरण के लिए, मान लीजिए कि A कोई भी समुच्चय है और $L = P(A)$ इसका घात समुच्चय है। आंशिक क्रम समुच्चय $(L, \subseteq)$ एक जालक है जिसमें किसी भी $x, y, \in L$ के लिए, $x \wedge y = x \cap y$ और $x \vee y = x \cup y$ होता है।

इसी तरह मान लीजिए कि I घनात्मक पूर्णांक का समुच्चय है। किसी भी $x, y \in I$, $x \leq y$ के लिए यदि x/y है। $x \vee y = \text{LCM}\,(x, y)$ और $x \wedge y = \text{GCD}_{\in}(x, y)$ को परिभाषित करें। तब $(I, \wedge, \vee)$ एक जालक होगा।

प्रमेय 2.2 : मान लीजिए कि $(L, \leq)$ एक जालक है जिसमें $\wedge$, $\vee$ क्रमशः मिलने और जुड़ने की संक्रियाओं को निरूपित करते हैं। किसी भी $a, b, c \in L$ के लिए, हमारे पास है,

1. $a \wedge a = a$; $a \vee a = a$ वर्गसमता (Idempotent)
2. $a \wedge b = b \wedge a$; $a \vee b = b \vee a$ क्रमविनिमय (Commutative)
3. $(a \wedge b) \wedge c = a \wedge (b \cap c)$; $(a \vee b) \vee c = a \vee (b \vee c)$ साहचर्य (Associative)
4. $a \wedge (a \vee b) = a$; $a \vee (a \wedge b) = a$ अवशोषण (Absorption)

प्रमाण :

1. चूंकि $a \leq a$, से हम जानते हैं कि $\{a, a\} = \{a\}$ का निम्न परिबंध है। यदि b भी एक निम्न परिबंध है और यदि $a \leq b$ है तो $b \leq a$ और $a \leq b$। प्रतिसममित द्वारा, $a = b$ होगा। अतः $\{a\}$, a का GLB है। इसलिए, $a \wedge a = a$ द्वैता (Dually) से $a \vee a = a$।
2. माना कि $x = a \wedge b = \text{GLB}\,\{a, b\}$। चूंकि

   $\{a, b\} = \{b, a\}$, GLB $\{b, a\} = x$। तो $b \wedge a = x$।

   अतः $x = a \wedge b = b \wedge a$। द्वैता से (Dually), $a \vee b = b \vee a$।
3. माना कि $x = a \wedge (b \wedge c)$ और $y = (a \wedge b) \wedge c$।

   अब $x = a \wedge (b \wedge c) \Rightarrow x \leq a,\ x \leq b \wedge c$

   $\Rightarrow x \leq a, x \leq b, x \leq c$

   $\Rightarrow x \leq a \wedge b, x \leq c$

   $\Rightarrow x \leq (a \wedge b) \wedge c = y$ है।

   इसी प्रकार, $y \leq x$। प्रतिसममित द्वारा, $x = y$ और इसलिए,

   $a \wedge (b \wedge c) = (a \wedge b) \wedge c$

   द्वैता से, $a \vee (b \vee c) = (a \vee b) \vee c$

टिप्पणी

4. परिभाषा के अनुसार, किसी भी $a \in L$ के लिए, $a \leq a$ और $a \leq a \vee b$

इसलिए, $a \leq a \wedge (a \vee b)$। लेकिन $a \wedge (a \vee b) \leq a$। अतः $a \wedge (a \vee b) = a$

द्वैता से, $a \vee (a \wedge b) = a.$

प्रमेय 2.3 : मान लीजिए कि $(L, \leq)$ एक जालक है जिसमें $\wedge$ और $\vee$ क्रमशः मिलने और जुड़ने की सक्रियाओं या आपरेशनस को निरूपित करता है। किसी भी $a, b \in L$ के लिए,

$$a \leq b \Leftrightarrow a \wedge b = a$$

$$a \vee b = b$$

प्रमाण : मान लीजिए कि $a \leq a$ चूंकि $a \leq b$, अतः $a \leq a \wedge b$ होगा। लेकिन $\wedge$ की परिभाषा के अनुसार, $a \wedge b \leq a$। इसलिए $a \wedge b = a$। इसके विपरीत, मान लीजिए कि $a \wedge b = a$ है। फिर $a \leq b$, अतः $a \leq b \Leftrightarrow a \wedge b = a$।

इसी प्रकार $a \leq b \Leftrightarrow a \vee b = b$ होगा।

आइसोटोनिसिटी नियम (Isotonicity Law)

प्रमेय 2.4 : मान लीजिए कि $(L, \leq)$ एक जालक है जिसमें क्रमशः $\wedge$ और $\vee$ मिलने और जुड़ने की संक्रियाओं को दर्शाता है। किसी भी $a, b, c, \in L$ के लिए,

$$b \leq c \Rightarrow \begin{cases} a \wedge b \leq a \wedge c \\ a \vee b \leq a \vee c \end{cases}$$

प्रमाण : मान लीजिए कि $b \leq c$। चूँकि $a \wedge b \leq b$, संक्रमकता (Transitivity) द्वारा $a \wedge b \leq c$ क्योंकि $a \wedge b \leq a$ है इसलिए $a \wedge b \leq a \wedge c$

अब, $b \leq c$ और $c \leq a \vee c$ का तात्पर्य है कि $b \leq a \vee c$ होगा।

लेकिन $a \leq a \vee c$ इसलिए $a \vee b \leq a \vee c$।

नोट : किसी भी $a, b, c \in L$ के लिए, आइसोटोनिसिटी नियम द्वारा,

$$a \leq b \wedge a \leq c \Rightarrow a \leq b \vee c$$

$$a \leq b \wedge a \leq c \Rightarrow a \leq b \vee c$$

$$c \leq b \wedge a \leq a \Rightarrow b \wedge c \leq a$$

$$c \leq b \wedge a \leq a \Rightarrow b \vee c \leq a.$$

वितरक असमानता (Distributive Inequality)

प्रमेय 2.5 : मान लीजिए कि $(L, = \leq)$ एक जालक है। किसी भी $a, b, c \in L$ के लिए, निम्न असमानता नियमों का पालन होता है–

(i) $a \vee (b \wedge c) \leq (a \vee b) \wedge (a \vee c)$

(ii) $(a \wedge b) \vee (a \wedge c) \leq a \wedge (b \vee c)$

प्रमाण : चूँकि $a \leq a \vee b$ और $a \leq a \vee c$, हमारे पास है

$$a \leq (a \vee b) \wedge (a \vee c) \quad \ldots (1)$$

चूँकि $b \wedge c \leq b \leq a \vee b$ और $b \wedge c \leq c \leq a \vee c$,

$$b \wedge c \leq (a \vee b) \wedge (a \vee c) \quad \ldots (2)$$

समीकरणों (1) और (2) द्वारा हमारे पास होगा,

$a \vee (b \wedge c) \leq (a \vee b) \wedge (a \vee c)$

इसी प्रकार, समीकरण (2) होगा।

टिप्पणी

मॉड्यूलर असमानता (Modular Inequality)

प्रमेय 2.6 : मान लीजिए कि $(L, \leq)$ एक जालक है किसी भी $a, b, c \in L$ के लिए

$a \leq c \Leftrightarrow a \vee (b \wedge c) \leq (a \vee b) \wedge c$

प्रमाण : मान लीजिए कि $a \leq c$ तब $a \vee c = c$

वितरक असमानता (Distributive Inequality) द्वारा, $a \vee (b \wedge c) \leq (a \vee b) \wedge (a \vee c)$

चूँकि, $a \vee c = c$,

$a \vee (b \wedge c) \leq (a \vee b) \wedge c$

विलोमत (Conversely), मान लीजिए कि $a \vee (b \wedge c) \leq (a \vee b) \wedge c$

चूँकि,

$$\begin{aligned} a &\leq a \vee (b \wedge c) \\ &\leq (a \vee b) \wedge c \\ &\leq c \end{aligned}$$

हमें $a \leq c$ मिला है। इसलिए यह सिद्ध हुआ।

उदाहरण 2.16 : सिद्ध करें कि जालक $(L, \leq)$ में किसी भी $a, b, c \in L$ के लिए, यदि $a \leq b \leq c$ है तो $a \vee b = bc$ और $(a \wedge b) \vee (b \wedge c) = b = (a \vee b) \wedge (a \vee c)$ होगा।

हल : चूँकि $a \leq b$ और $a \leq c, a \leq b \wedge c$ फिर से $b \leq b$ और $b \leq c$ का तात्पर्य है कि $b \leq b \wedge c$ है।

अब $a \leq b \wedge c$ और $b \leq b \wedge c \Rightarrow a \vee b \leq b \wedge c$ ... (i)

फिर से, $b \wedge c \leq b \leq a \vee b$ ... (ii)

समीकरणों (i) और (ii) से, $a \vee b = b \wedge c$

इसलिए, $a \wedge b \leq b$ और $b \wedge c \leq b$ हो $(a \wedge b) \vee (b \wedge c) \leq b$ प्राप्त होता है। चूँकि $b \leq c$ और $b \leq b$ तात्पर्य है कि $b \leq b \wedge c$। फिर से $b \leq (b \wedge c) \vee (a \wedge b)$। इसलिए, $(a \wedge b) \vee (b \wedge c) = b$। इसी प्रकार, $(a \vee b) \wedge (a \vee c) = b$ प्राप्त होगा।

उदाहरण 2.17 : सिद्ध करो कि जालक $(L, \leq)$ और किसी भी $a, b, c, d, \in L$ के लिए, यदि $a \leq b$ और $c \leq d$ है तब $a \wedge c \leq b \wedge d$ होगा।

हल : चूँकि $a \wedge c \leq a \leq b$ और $a \wedge c \leq c \leq d, a \wedge c \leq b \wedge d$

वितरक जालक या लैटिस (Distributive Lattice)

एक जालक $(L, \leq)$ को बंटनात्मक या वितरक जालक (Distributive Lattice) कहा जाता है यदि किसी भी $a, b, c, \in L$, के लिए,

$a \wedge (b \vee c) = (a \wedge b) \vee (a \wedge c)$

$a \vee (b \wedge c) = (a \vee b) \wedge (a \vee c)$

टिप्पणी

प्रमेय 2.7 : मान लीजिए कि $a, b, c \in L$ है जहाँ $(L, \leq)$ एक बंटनात्मक या वितरक जालक है। तब $a \vee b = a \vee c$ और $a \wedge b = a \wedge c \Rightarrow b = c$ होगा।

हल : हम जानते हैं,

$b = b \vee (b \wedge a)$ अवशोषण (Absorption)

$= b \vee (a \wedge b)$ क्रम विनिमय (Commutative)

$= b \vee (a \wedge c)$ $(\because a \wedge b = a \wedge c)$

$= (b \vee a) \wedge (b \vee c)$ वितरक (Distributive)

$= (a \vee b) \wedge (c \vee b)$ क्रम विनिमय (Commutative)

$= (a \vee c) \wedge (c \vee b)$ $(\because a \vee b = a \vee c)$

$= (c \vee a) \wedge (c \vee b)$ क्रम विनिमय (Commutative)

$= c \vee (a \wedge b)$ वितरक (Distributive)

$= c \vee (a \wedge c)$ $(\because a \wedge b = a \wedge c)$

$= c \vee (c \wedge a)$ क्रम विनिमय (Commutative)

$= c$ अवशोषण (Absorption)

इसलिए यह सिद्ध होता है।

मॉड्यूलर जालक

एक जालक $(L, \leq)$ को मॉड्यूलर जालक कहा जाता है अगर $a \leq c \Rightarrow a \vee (b \wedge c) = (a \vee b) \wedge c$

परिबंध जालक

एक जालक $(L, \leq)$ जिसमें दोनों, निमनिष्ठ अवयव, 0 से निमनिष्ठ और उच्चिष्ठ अवयव 1 द्वारा निरूपित को परिबंध जालक कहा जाता है।

नोट : यदि $L = \{a_1, a_2, ..., a_n\}$, $\overset{n}{\underset{i=1}{\wedge}} a_i = 0$ और $\overset{n}{\underset{i=1}{\vee}} a_i = 1$ के साथ यह संतुष्ट करता है $a \vee 0 = a, a \vee 1 = 1, a \wedge 1 = a$ और $a \wedge 0 = 0$।

एक अवयव का पूरक

एक परिबंध जालक $(L, \leq)$ में, एक अवयव $b \in L$ को एक अन्य अवयव $a \in L$ का पूरक कहा जाता है यदि $a \wedge b = 0$ और $a \vee b = 1$, हम b को a द्वारा दर्शाते हैं।

पूरक जालक

एक जालक $(L, \leq)$ को पूरक जालक कहा जाता है यदि L के प्रत्येक अवयव में कम से कम एक पूरक हो।

उदाहरण 2.18 : दर्शाएँ कि डी मॉर्गन के नियम (De Morgan's Laws) पूरक वितरक जालक नियमों (Complemented Distributive Lattice) का पालन करता है।

टिप्पणी

हल : यह बताने के लिए कि $(a \wedge b)' = a' \vee b'$ और $(a \vee b)' = (a' \wedge b')$ होते है, विचार करें

$(a \wedge b)' \wedge (a' \vee b') = ((a \wedge b) \wedge a') \vee ((a \wedge b) \wedge b')$ वितरक (Distributive)

$= ((b \wedge a) \wedge a') \vee ((a \wedge b \wedge \wedge b')$ क्रम विनिमय (Commutative)

$= (b \wedge (a \wedge a')) \vee (a \wedge (b \wedge b'))$ सहचर्य (Associtative)

$= (b \wedge 0) \vee (a \wedge 0)$

$= 0 \vee 0 = 0$

फिर से, $(a \wedge b)' \wedge (a' \vee b') = (a \vee (a' \vee b') \wedge (b \vee (a' \vee b'))$ वितरक (Distributive)

$= (a \vee (a' \vee b')) \wedge (b \vee (b' \vee a'))$ क्रम विनिमय (Commutative)

$= ((a \vee a') \vee b') \wedge ((b \vee b') \vee a')$ सहचर्य (Associtative)

$= (1 \vee b') \wedge (1 \vee a')$

$= 1 \wedge 1 = 1$

इसलिए, $a' \vee b'$, $(a \wedge b)$ का पूरक है। तो $a' \vee b' = (a \wedge b)'$ इसी तरह, $(a \vee b)' = a' \wedge b'$ होता है।

उदाहरण 2.19 : दिखाएँ कि पूरक जालक $(L, \leq)$ में,

$a \leq b \Leftrightarrow a' \vee b = 1 \Leftrightarrow a \wedge b' = 0 \Leftrightarrow b' \leq a'$

हल : $a \leq b \Leftrightarrow a \wedge b = a$ पर विचार करें।

$\Leftrightarrow a' \vee a = a' \vee (a \wedge b) = 1$
$\Leftrightarrow (a' \vee a) \wedge (a' \vee b) = 1$
$\Leftrightarrow 1 \wedge (a' \vee b) = 1$
$\Leftrightarrow a' \vee b = 1$

फिर से, $a \leq b \Leftrightarrow a \vee b = b$

$\Leftrightarrow b \wedge b' = (a \vee b) \wedge b' = 0$
$\Leftrightarrow (a \wedge b') \vee (b \wedge b') = 1$
$\Leftrightarrow (a \wedge b') \vee 0 = 0$
$\Leftrightarrow a \wedge b' = 0.$

अंतिम पद को सिद्ध करने के लिए,

$a \leq b \Leftrightarrow a \vee b = b$
$\Leftrightarrow (a \vee b') = b'$
$\Leftrightarrow a' \wedge b' = b'$
$\Leftrightarrow a' \wedge a' = b'$ क्रम विनिमय (Commutative)
$\Leftrightarrow b' \leq a'.$

टिप्पणी

उदाहरण 2.20 : जालक $L = \{1, 2, 3, 4, 6, 12\}$ पर विचार करें, 12 को क्रमिक विभाजन द्वारा विभाजित किया गया है। निम्नलिखित को परिभाषित करे–

(i) L का निम्न परिबंध और उपरी परिबंध

(ii) 4 का पूरक

(iii) क्या L एक पूरक जालक है?

हल :

(i) L का निम्न परिबंध 1 है और उपरि परिबंध 12 है।

(ii) चूँकि $4 \wedge 3 = \gcd(4,3) = 1$ और

$4 \vee 3 = \text{lcm}(4,3) = 12$, तब 4 का पूरक 3 होगा।

(iii) चूँकि $6 \wedge x = \gcd(6, x)$

$\neq 1$ के लिए $x \neq 1$ और $6 \vee 1 = \text{lcm}(6,1)$

$\neq 12$, 6 में कोई पूरक नहीं है और इसलिए L एक पूरक जालक नहीं है।

उप–जालक

मान लीजिए कि M एक जालक $(L, \leq)$ का अरिक्त उप–समुच्चय है। हम कह सकते हैं कि M, L का एक उप–समुच्चय है यदि M स्वयं L की संक्रियों के तहत एक जालक हो।

नोट : M, L का एक उप–जालक तभी होगा यदि और केवल यदि M, L की $\wedge$ और $\vee$ की संक्रियों के तहत बंद होगा।

उदाहरण 2.21 : निम्नलिखित जालक L पर विचार करें।



ज्ञात करें कि निम्न में से प्रत्येक L के एक उप–जालक है या नहीं।

$M = \{a, b, c, g\}$

$N = \{a, b, f, g\}$

$O = \{b, d, e, g\}$

$P = \{a, d, e, g\}$

हल : चूँकि $b \vee c = d$, और $d \neq M, M$ उप–जालक नहीं है। चूँकि $d \wedge e$ और $b \neq p, p,$ उप–जालक नहीं है। किन्तु N और O उप–जालक है।

उदाहरण 2.22 : मान लीजिए कि M एक वितरक जालक L का उप–जालक है। दिखाएँ कि M भी एक वितरक जालक है।

टिप्पणी

हल : एक वितरक जालक L के लिए, $a \wedge (b \vee c) = (a \wedge b) \vee (a \wedge c)$ और $a \vee (b \wedge c) = (a \vee b) \wedge (a \vee c)$ सभी $a, b, c \in L$ के लिए। चूंकि M बंद है, इसलिए M का प्रत्येक अवयव L में होगा। वितरक नियम M के सभी अवयवों के लिए लागू होता हैं। इसलिए M एक वितरक जालक है।

उदाहरण 2.23 : सिद्ध करें कि वितरक जालक $(L, \leq)$ में, यदि कोई अवयव पूरक है तो यह पूरक अद्वितीय या यूनीक होगा।

हल : मान लीजिए कि किसी $a \in L$ के लिए, L में b और c दो घटक हैं तो

$a \vee b = 1; a \wedge b = 0$ और $v\ a \vee c = 1; a \wedge c = 0$

विचार करें कि,

$b = b \wedge 1 = b \wedge (a \vee c)$

$= (b \wedge a) \vee (b \wedge c)$ (वितरक)

$= 0 \vee (b \wedge c) = (a \wedge c) \vee (b \wedge c)$ (वितरक)

$= (a \vee b) \wedge c$

$= 1 \wedge c = c$

अपनी प्रगति जांचिए

1. पूर्ण क्रमिक समुच्चय को परिभाषित कीजिए।
2. आंशिक क्रमिक समुच्चय का हैसे आरेख की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।
3. उच्चिष्ठ और निमनिष्ठ अवयव की व्याख्या कीजिए।
4. जालक को परिभाषित कीजिए।
5. वितरक जालक की व्याख्या कीजिए।
6. उप–जालक को परिभाषित कीजिए।

2.6 अपनी प्रगति जांचिए प्रश्नों के उत्तर

1. एक समुच्चय P में एक बाइनरी संबंध (Binary Relation) R को एक आंशिक क्रम संबंध कहा जाता है या P में एक आंशिक क्रम होता है यदि और केवल यदि R स्वतुल्यता या रफ्लेक्सिव (Reflexive) प्रतिसममित (Antisymmetric) और सक्रमक (Transitive) हो। इसे $\leq$ प्रतीक द्वारा निरूपित किया जाता है। यदि $\leq P$ पर आंशिक क्रम है, तो क्रमिक युग्म $(P, \leq)$ को आंशिक रूप से क्रमबद्ध या आंशिक क्रम समुच्चय कहा जाता है। यदि कोई $x, y \in p$ है, और अगर $x \leq y$ या $y \leq x$, तो $(p, \leq)$ को पूर्ण क्रमिक समुच्चय कहा जाता है।
2. (a) p के प्रत्येक अव्यव को एक छोटे वृत्त (Circle) या एक डॉट (Dot) द्वारा दर्शाएँ।

   (b) $x \in p$ के वृत्त को $y \in p$ के वृत्त के नीचे खींचें यदि $x < y$, और x और y के बीच एक रेखा खींचें यदि y, x को आवृत करता है।

टिप्पणी

(c) यदि $x < y$ और y, x को आवृत नहीं करता है, तो x और y सीधे एक रेखा से जुड़े नहीं होते हैं। बल्कि , वे च के एक या अधिक अवयवों के माध्यम से जुड़े हुए होते हैं।

3. एक अवयव $x \in p$ को उच्चिष्ठ अवयव कहा जाता है यदि सभी के लिए $a \in p$, $a \leq x$ होता है। एक अवयव $x \in p$ को निमनिष्ठ अवयव या निमनिष्ठ अवयव कहा जाता है यदि सभी $a \in p, x \leq a$ होता है। उच्चिष्ठ अवयव को 1 और निमनिष्ठ अवयव को 0 के रूप में दर्शाया जाता है।

4. एक जालक एक आंशिक क्रमिक समुच्चय $(L, \leq)$ होता है, जिसमें अवयवों की प्रत्येक जोड़ी या युग्म $a, b \in L$ में उच्चिष्ठ निम्न परिबंध (GLB) और एक निमनिष्ठ उपरी परिबंध (LUB) हो।

   उच्चिष्ठ निम्न परिबंध (GLB) के एक उपसमुच्चय $\{a, b\} \subseteq L$ को $a \wedge b$ और निमनिष्ठ निम्न परिबंध (LUB) को $a \vee b$ से दर्शाया जाता है। तो GLB $\{a, b\} = a \wedge b$, को a और b का मिलना (Meet) कहा जाता है और LUB $\{a, b\} = a \vee b$, को a और b का जोड़ना (Join) कहा जाता है।

5. एक जालक $(L, \leq)$ को बंटनात्मक या वितरक जालक कहा जाता है यदि किसी भी $a, b, c, \in L$, के लिए,

   $a \wedge (b \vee c) = (a \wedge b) \vee (a \wedge c)$

   $a \vee (b \wedge c) = (a \vee b) \wedge (a \vee c)$

6. मान लीजिए कि M एक जालक $(L, \leq)$ का अरिक्त उप–समुच्चय है। हम कह सकते हैं कि M, L का एक उप–समुच्चय है यदि M स्वयं L की संक्रियों के तहत एक जालक हो।

2.7 सारांश

- एक समुच्चय P में एक बाइनरी संबंध (Binary Relation) R को एक आंशिक क्रम संबंध कहा जाता है या P में एक आंशिक क्रम होता है यदि और केवल यदि R स्वतुल्यता या रफ्लेक्सिव (Reflexive) प्रतिसममित (Antisymmetric) और सक्रमक (Transitive) हो। इसे $\leq$ प्रतीक द्वारा निरूपित किया जाता है। यदि $\leq P$ पर आंशिक क्रम है, तो क्रमिक युग्म $(P, \leq)$ को आंशिक रूप से क्रमबद्ध या आंशिक क्रम समुच्चय कहा जाता है। यदि कोई $x,y \in p$ है, और अगर $x \leq y$ या $y \leq x$, तो $(p, \leq)$ को पूर्ण क्रमिक समुच्चय कहा जाता है।
- रूप या हैसे आरेख एक आंशिक क्रम समुच्चय P की एक तस्वीर (Picture) है। इसलिए यह P के अवयवों के प्रकारों का वर्णन करने में बहुत उपयोगी होता है। कई बार हम आंशिक क्रमिक समुच्चय को इसके हैसे आरेख को उपस्थित कर परिभाषित करते हैं।
- हैसे आरेख का भाग p आवश्यक नहीं जुड़े हुए हो। इसके अलावा, p के आरेख में कोई निर्देशित चक्र (Directed Cycles) नहीं होती है क्योंकि आंशिक क्रम संबंध प्रतिसममित होते है।

टिप्पणी

- एक अवयव $x \in p$ को उच्चिष्ठ अवयव कहा जाता है यदि सभी के लिए $a \in p$, $a \leq x$ होता है। एक अवयव $x \in p$ को निमनिष्ठ अवयव या निमनिष्ठ अवयव कहा जाता है यदि सभी $a \in p, x \leq a$ होता है। उच्चिष्ठ अवयव को 1 और निमनिष्ठ अवयव को 0 के रूप में दर्शाया जाता है।
- यदि किसी आंशिक क्रम समुच्चय $(p, \leq)$ में निमनिष्ठ अवयव हैं , तो यह अवयव अद्वितीय होगा। इसी प्रकार, यदि किसी आंशिक क्रम समुच्चय $(p, \leq)$ में उच्चिष्ठ अवयव है, तो यह भी अद्वितीय होगा।
- एक जालक एक आंशिक क्रमिक समुच्चय $(L, \leq)$ होता है, जिसमें अवयवों की प्रत्येक जोड़ी या युग्म $a, b \in L$ में उच्चिष्ठ निम्न परिबंध (GLB) और एक निमनिष्ठ उपरी परिबंध (LUB) हो।
- उच्चिष्ठ निम्न परिबंध (GLB) के एक उपसमुच्चय $\{a, b\} \subseteq L$ को $a \wedge b$ और निमनिष्ठ निम्न परिबंध (LUB) को $a \vee b$ से दर्शाया जाता है। तो GLB $\{a, b\} = a \wedge b$, को a और b का मिलना (Meet) कहा जाता है और LUB $\{a, b\} = a \vee b$, को a और b का जोड़ना (Join) कहा जाता है।
- एक जालक $(L, \leq)$ को बंटनात्मक या वितरक जालक कहा जाता है यदि किसी भी $a, b, c, \in L$, के लिए,

  $a \wedge (b \vee c) = (a \wedge b) \vee (a \wedge c)$

  $a \vee (b \wedge c) = (a \vee b) \wedge (a \vee c)$
- एक जालक $(L, \leq)$ को मॉड्यूलर जालक कहा जाता है अगर $a \leq c \Rightarrow a \vee (b \wedge c) = (a \vee b) \wedge c$
- एक जालक $(L, \leq)$ जिसमें दोनों, निमनिष्ठ अवयव, 0 से निमनिष्ठ और उच्चिष्ठ अवयव 1 द्वारा निरूपित को परिबंध जालक कहा जाता है।
- एक परिबंध जालक $(L, \leq)$ में, एक अवयव $b \in L$ को एक अन्य अवयव $a \in L$ का पूरक कहा जाता है यदि $a \wedge b = 0$ और $a \vee b = 1$, हम b को a द्वारा दर्शाते हैं।
- एक जालक $(L, \leq)$ को पूरक जालक कहा जाता है यदि L के प्रत्येक अवयव में कम से कम एक पूरक हो।
- मान लीजिए कि M एक जालक $(L, \leq)$ का अरिक्त उप–समुच्चय है। हम कह सकते हैं कि M, L का एक उप–समुच्चय है यदि M स्वयं L की संक्रियों के तहत एक जालक हो।

2.8 मुख्य शब्दावली

- **जालक या लैटिस** : एक जालक एक आंशिक क्रमिक समुच्चय $(<, \leq)$ होता है, जिसमें अवयवों की प्रत्येक जोड़ी या युग्म $a, b \in L$ में उच्चिष्ठ निम्न परिबंध (GLB) और एक निमनिष्ठ उपरि परिबंध (LUB) हों।
- **वितरण जालक** : एक जालक $(<, \leq)$ को वितरक जालक कहा जाता है यदि किसी भी $a, b, c \in L$ के लिए,

टिप्पणी

$$a \wedge (b \vee c) = (a \wedge b) \vee (a \wedge c)$$
$$a \wedge (b \vee c) = (a \vee b) \wedge (a \vee c)$$

- **मॉड्यूलर जालक** : एक जालक $(<, \leq)$ को मॉड्यूलर जालक कहा जाता है अगर $a \leq c \Leftrightarrow a \vee (b \wedge c) \leq (a \vee b) \wedge c$
- **परिबंध जालक** : एक जालक $(<, \leq)$ जिसमें दोनों, निमनिष्ठ अवयव, 0 से निमनिष्ठ और उच्चिष्ठ अवयव 1 द्वारा निरूपित को परिबंध जालक कहा जाता है।
- **पूरक जालक** : एक जालक $(<, \leq)$ को पूरक जालक कहा जाता है यदि L के प्रत्येक अवयक में कम से कम एक पूरक हो।

2.9 स्व–मूल्यांकन प्रश्न एवं अभ्यास

लघु–उत्तरीय प्रश्न

1. पूर्ण क्रमिक समुच्चय क्या है?
2. हैसे आरेख को उपस्थित कर परिभाषित कीजिए।
3. जालक से आप क्या समझते हैं?
4. वितरक जालक से आप क्या समझते हैं?
5. उप–जालक को परिभाषित कीजिए।

दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न

1. पूर्ण क्रमिक समुच्चय के बाइनरी संबंध को परिभाषित कीजिए तथा उदाहरण देकर संक्षेप में इसका वर्णन कीजिए।
2. आंशिक क्रमिक समुच्चय का हैसे आरेख क्या है? साथ ही समुच्चय P पर आंशिक क्रमिक संबंध $\leq$ को आरेख के माध्यम से उदाहरण सहित दर्शाएं।
3. आइसोटोमिसिटी नियम क्या है? एक जालक के मिलने और जुड़ने की संक्रियाओं को दर्शाएं।
4. प्रतिरूपक जालक और परिबंध ज्ञालक को उदाहरण देकर समझाएं।
5. एक अवयव का पूरक एवं पूरक जालक को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए।

2.10 सहायक पाठ्य सामग्री

Pathak, Dr. H. K. 2017. विविक्त गणित (Discrete Mathematics). Meerut (UP): Shiksha Sahitya Prakashan.

Liu, C. L. 1977. *Elements of Discrete Mathematics*. New Delhi: Tata McGraw-Hill Publishing Company.

Deo, Narsingh. 1999. *Graph Theory with Applications to Engineering and Computer Science*. New Delhi: Prentice-Hall of India.

टिप्पणी

Mott, J. L. 2007. *Discrete Mathematics for Computer Scientists*, 2nd Edition. New Delhi: Prentice-Hall of India Pvt. Ltd.

Rosen, Kenneth. 2007. *Discrete Mathematics and Its Applications*, 6th Edition. New York: McGraw-Hill Higher Education.

Tremblay, Jean Paul and R. Manohar. 1975. *Discrete Mathematical Structures with Applications to Computer Science*. New York: McGraw-Hill Inc.

Singh, Y. N. 2005. *Mathematical Foundation of Computer Science*. New Delhi: New Age International Pvt. Ltd.

Malik, D. S. 2004. *Discrete Mathematical Structures: Theory and Applications*. London: Thomson Learning.

Haggard, Gary, John Schlipf and Sue Whiteside. 2006. *Discrete Mathematics for Computer Science*. California: Thomson Learning.

Khanna, V. K. and S. K. Bhambri. 2008. *A Course in Abstract Algebra*, 3rd Edition. New Delhi: Vikas Publishing House Pvt. Ltd.

Grewal, B. S. 1998. *Higher Engineering Mathematics,* 34th Edition. New Delhi: Khanna Publishers.

Narayan, Shanti. 1996. *Differential Calculus,* 14th Edition. New Delhi: S Chand And Company Limited.

Kreyszig, Erwin. *Advanced Engineering Mathematics,* 7th Edition. Mumbai: Wiley Eastern Ltd.

Bali, N. P. 2007. *A Textbook of Engineering Mathematics*. New Delhi: Laxmi Publications (P) Ltd.

Khanna, V. K. and S. K. Bhambri. 2009. *Business Mathematics*. New Delhi: Vikas Publishing House Pvt. Ltd.

इकाई 3 आलेख

टिप्पणी

संरचना

3.0 परिचय

गणित में, और अधिक विशेष रूप से आलेख या ग्राफ सिद्धांत में, आलेख एक ऐसी संरचना है जो अब्जेक्ट के एक समूह के लिए होती है जिसमें कुछ युग्म या जोड़े कुछ अर्थों में 'संबंधित' होते हैं। ऑब्जेक्ट गणितीय संक्षेपण के अनुरूप होते हैं, जिन्हें सीमा या सिरा (जिसे नोड या बिंदु भी कहा जाता है) और संबंधित युग्म या जोड़ी के प्रत्येक युग्म को एक सिरा (इसे लिंक या लाइन भी कहा जाता है) कहा जाता है। सामान्य तौर पर, रेखाचित्रों को रेखाचित्रों या रेखाओं के लिए वृत्त के रूप में आरेख के रूप में चित्रित किया जाता है, जो सिरों के लिए रेखाओं या वक्रों से जुड़ता है। आलेख विविक्त गणित में अध्ययन के अब्जेक्ट में से एक है। आलेख सिद्धांत में यूलर आलेख एक यूलर आरेख से जुड़ा हुआ आलेख या ग्राफ है, जिसके सभी सिरे समान डिग्री के हैं। यूलर पथ या मार्ग जुड़े हुए ग्राफ में एक ट्रेल है जिसमें आलेख के सभी सिरों को उपस्थित किया गया है। एक बंद या क्लोज्ड यूलर ट्रेल को एक यूलर परिपथ सर्किट कहा जाता है।

हैमिल्टोनियन परिपथ या सर्किट एक ऐसा सर्किट है जो प्रत्येक शीर्ष या वर्टेक्स को एक बार रिपीट करता है। परिपथ या सर्किट होने के कारण, यह एक ही शीर्ष पर शुरू और समाप्त होना चाहिए। एक हैमिल्टन पथ या मार्ग भी बिना किसी रिपीट के साथ एक बार एक शीर्ष पर शुरू और अंत नहीं होता है।

इस इकाई में आप आलेखों की परिभाषा, आलेखों के प्रकार, यूलर आलेख हैमिल्टोनियम पथ और परिपथ तथा वैट आलेखों में लघुत्तम दूरी : डिजक्सत्रा एल्गोरिथम का अध्ययन करेंगे।

3.1 उद्देश्य

इस इकाई को पढ़ने के बाद आप–

टिप्पणी

- आलेखों की परिभाषा की व्याख्या कर पाएंगे;
- आलेखों के प्रकार को समझ पाएंगे;
- यूलर आलेख का वर्णन कर पाएंगे;
- हैमिल्टोनियम पथ और परिपथ की व्याख्या कर पाएंगे;
- वैट आलेखों में लघुत्तमम दूरी : डिजक्सत्रा एल्गोरिथम को समझ पाएंगे।

3.2 आलेखों की परिभाषा

एक आलेख या ग्राफ G, एक त्रिक या ट्रिप्लिट (Triplet) $(V(G), E(G), \theta_G)$ होकर शीर्षों (Vertices) के अरिक्त समुच्चय $V(G)$, कोरों या सीरो का समुच्चय $E(G)$, और प्रत्येक कोर (Edge) पर नियतन (Assigns) एक फलन θ_G, $V(G)$ का उप–समुच्चय $\{u, v\}$ (जरूरी नहीं u, v अलग–अलग हो) से मिलकर बनता है। यदि e एक कोर है और u, v शीर्षों इस तरह है कि $\theta_G(e) = uv$ है, तो e, (u और v) के बीच एक रेखा (कोर) होती है और शीर्षों u और v के अंतिम बिंदु होते हैं।

उदाहरण के लिए,

(*i*) $$G = (V(G), E(G), \theta_G)$$

जहां,
$$V(G) = \{v_1, v_2, v_3, v_4\}$$
$$E(G) = \{e_1, e_2, e_3, e_4, e_5, e_6\}$$
$$\theta_G(e_1) = \{v_1v_2\},\ \theta_G(e_2) = \{v_2v_2\},\ \theta_G(e_3) = \{v_2v_3\}$$
$$\theta_G(e_4) = \{v_1v_3\},\ \theta_G(e_5) = \{v_4v_5\},\ \theta_G(e_6) = \{v_1v_4\}$$

(*ii*) $$G = (V(G), E(G), \theta_G)$$

जहां,
$$V(G) = \{v_1, v_2, v_3\},\ E(G) = \{e_1, e_2, e_3\}$$
$$\theta_G(e_1) = \{v_1v_2\},\ \theta_G(e_2) = \{v_2v_3\},\ \theta_G(e_3) = \{v_3v_1\}$$

प्रत्येक आलेख में उससे जुड़ा एक आरेख या चित्र (Diagram) होता है। ये आरेख या चित्र (Diagram) इस तरह के आलेख में शामिल समस्याओं को समझने (सुलझाने) में उपयोगी होते हैं। चित्रात्मक निरूपण में, हम शीर्षों को छोटे वृत्तों और कोरों को रेखाओं द्वारा दर्शाते हैं जब भी संगत शीर्षों की जोड़ी एक कोर बनाती है।

उदाहरणों (*i*) और (*ii*) का चित्रात्मक रूपांतरण चित्र 3.1 में दिखाया गया है।



चित्र 3.1 *अलेखों का सचित्र प्रतिनिधित्व*

नोट्स

1. उदाहरण (i) में, e_2 अपने आप में शीर्ष v_2 से जुड़ा हुआ है। इस तरह के कोर को स्व–लूप कहा जाता है।
2. यदि किसी आलेख में शीर्षों की जोड़ी के बीच एक से अधिक कोरें हैं, तो इन कोरों को समानांतर कोरें कहा जाता है।
3. इसके बाद, सरलता के लिए आलेख को $G = (V, E)$ के रूप में दर्शाया जाता है।
4. एक आलेख जिसमें समानांतर कोरें होती है उन्हें बहु–ग्राफ कहा जाता है।

टिप्पणी

सरल आलेख

एक आलेख जिसमें स्व–लूप और समानांतर कोरें नहीं होती है,उन्हें सरल आलेख कहा जाता है।

छद्मलेख

एक आलेख जिसमें स्व–लूप और समानांतर कोरें होती है,उन्हें छद्मलेख कहा जाता है।

नोटः प्रत्येक सरल आलेख और प्रत्येक बहुआलेख एक छद्मलेख होते है, लेकिन विलोमत सही नहीं है।

उदाहरण के लिए,



चित्र 3.2 छद्मलेख

चित्र 2.2 में आलेख G न तो एक सरल आलेख है और न ही कोई बहुआलेख है, इसलिए इसे छद्मलेख कहा जाता है।

एक शीर्ष की डिग्री

एक शीर्ष v की डिग्री उस शीर्ष पर संयोग (मिलने वाली) कोरों की संख्या होती है। दूसरे शब्दों में, एक शीर्ष की डिग्री कोरों की संख्या होती है जो उस शीर्ष पर अंतिम बिंदु के रूप में मिलती है और इसे $d(v)$ द्वारा दर्शाया जाता है (चित्र 3.3 देखें)।

उदाहरण के लिए,



जहां, $d(v_1) = 2$
$d(v_2) = 3$
$d(v_3) = 2$
$d(v_4) = 3$

चित्र 3.3 शीर्ष की डिग्री

एक लूप की शीर्ष की डिग्री 2 होती है।

टिप्पणी

वियुक्त शीर्ष

अगर एक शीर्ष की डिग्री शून्य है तो उसे वियुक्त शीर्ष कहा जाता है।

आलम्ब शीर्ष

अगर एक शीर्ष की डिग्री 'एक' है तो उसे आलम्ब शीर्ष कहा जाता है।

आसन्नता शीर्षों

शीर्षों की जोड़ी जो कोर को निर्धारित करती हैं, उन्हें आसन्नता शीर्षों कहा जाता है।

नोटः शीर्ष के सम या विषम (Even या Odd) का निर्धारण उसकी डिग्री के सम या विषम होने पर निर्भर करता है।

उदाहरण 3.1 : मान लीजिए कि G, एक n शीर्षों वाला सरल आलेख है। सिद्ध करें कि कोरों की संख्या $E(G)$ लगभग ${}^nC_2$, होगी।

हल : मान लीजिए कि $G = (V(G), E(G), \text{q}_G), |V(G)| = n$ के साथ एक सरल आलेख है।

चूंकि, $\theta_{G'}$ $V(G)$ के 2–अवयव उप–समुच्चय $\{u, v\}$ की प्रत्येक कोरों के साथ नियतन है, इसलिए लगभग ${}^nC_2$, 2–अवयव उप–समुच्चय होंगे।

इसलिए, $E(G) \leq \dfrac{n(n-1)}{2}$

प्रमेय 3.1 : मान लीजिए कि G, एक n शीर्षों और e कोरों वाला आलेख है। तब

$$\sum_{i=1}^{n} d(v_i) = 2e$$

प्रमाण : मान लीजिए कि G, एक n शीर्षों और e कोरें वाला है।

चूंकि, प्रत्येक कोर इस योग में डिग्री 2 का योगदान करती है, $\sum_{i=1}^{n} d(v_i) = 2e$

प्रमेय 3.2 : एक आलेख G में विषम डिग्री के शीर्ष (विषम शीर्ष) सैदव सम संख्या के होते हैं।

प्रमाण : मान लीजिए कि G, एक n शीर्षों और e कोरों वाला है।

प्रमेय 3.1 द्वारा हमारे पास,

$$\sum_{i=1}^{n} d(v_i) = 2e = \text{सम संख्या} \qquad ...(1)$$

n शीर्षों में, कुछ सम शीर्षों हैं और कुछ विषम शीर्षों हैं। मान लीजिए कि V_e और V_0 क्रमशः कुछ सम शीर्षों और कुछ विषम शीर्षों है।

अब, समीकरण (1) को निम्न रूप से लिखा जा सकता है,

$$\sum_{v \in V_e}^{n} d(v) + \sum_{v \in V_0} d(v) = \text{सम संख्याएं}$$

$$\therefore \qquad \sum_{v \in V_0} d(v) = \text{सम संख्याएं} - \sum_{v \in V_e} d(v) \qquad ...(2)$$

चूंकि समीकरण (2) में दाईं ओर के प्रत्येक पद सम है, इसलिए बाईं ओर के पदों के योग की संख्या भी सम होनी चाहिए, अर्थात G में विषम शीर्षों सम होते हैं।

निमनिष्ठ और उच्चिष्ठ डिग्री

मान लीजिए कि G एक आलेख है। अगर G की निमनिष्ठ और उच्चिष्ठ या अधिकतम डिग्री क्रमशः $\delta(G)$ और $\Delta(G)$ हैं तो इसे निम्नानुसार लिखा जाएगा–

$$\delta(G) = \min \{d(v); v \in V(G)\}$$

और, $\Delta(G) = \max \{d(v); v \in V(G)\}$

K–नियमित

एक आलेख G, k–नियमित या डिग्री k का नियमित होता है यदि G के प्रत्येक शीर्ष की डिग्री k हो।

पूर्ण आलेख

एक साधारण आलेख जिसमें अलग–अलग शीर्षों के प्रत्येक जोड़ कोर से जुड़े होते हैं, इसे पूर्ण आलेख कहा जाता है। n शीर्षों के पूर्ण आलेख को k_n से निरूपित किया जाता है।

चित्र 3.4 में विभिन्न प्रकार के पूर्ण आलेख दिखाए गए हैं।



चित्र 3.4 पूर्ण आलेख

नोट्स

1. प्रत्येक पूर्ण आलेख k_n एक $(n-1)$ नियमित आलेख होता है।
2. 5 शीर्षों के साथ 1–नियमित या 3–नियमित आलेख नहीं होते है, क्योंकि किसी भी आलेख में विषम संख्या के शीर्षों नहीं होते है।

आलेख का पूरक

आलेख G का पूरक $\bar{G}$ वह आलेख होता है जिसमें $V(G) = V(\bar{G})$ हो और इस प्रकार कि uv, $\bar{G}$ की एक कोर हो, यदि और केवल यदि uv, G की एक कोर नहीं हो।

चित्र 3.5 में विभिन्न प्रकारों के पूरक आलेख दर्शाए गए हैं।



टिप्पणी



चित्र 3.5 *पूर्ण आलेख*

निर्देशित कोरों के साथ आलेख के लिए कुछ उपयोगी शब्दावली भी हैं।

निर्देशित कोरों के आलेख

जब (u, v) निर्देशित कोरों के आलेख G में एक कोर होता है, तो u को v से आसन्न (Adjacent) कहा जाता है और v को u से आसन्न कहा जाता है। शीर्ष u को (u, v) का प्रारंभिक शीर्ष (Initial Vertex) कहा जाता है और शीर्ष v को (u, v) को टर्मिनल या अंतत (अंतिम) शीर्ष (Terminal or End Vertex) कहा जाता है।

चित्र 3.6 में विभिन्न प्रकार के आलेखों और निर्देशित कोरों को दर्शाया गया है–



चित्र 3.6 *निर्देशित कोरों के आलेख*

आगमन–डिग्री और बाह्यगमन–डिग्री

निर्देशित कोरों के आलेखों में शीर्षों की आगमन–डिग्री v को $d^{-}(v)$ द्वारा निरूपित किया जाता है जो कि कोरों की संख्या होकर v टर्मिनल या अंतत (अंतिम) शीर्ष होता है। v की बाह्यगमन–डिग्री को $d^{+}(v)$ द्वारा निरूपित किया जाता है जो कि कोरों की संख्या होकर v प्रारंभिक शीर्ष होता है।

नोटः स्व–लूप के शीर्ष पर आगमन–डिग्री और बाह्यगमन–डिग्री, दोनों का 1 का योगदान रहता है।

उदाहरण 3.2 : निम्नलिखित आलेखों की आगमन–डिग्री और बाह्यगमन–डिग्री का ज्ञात करें।



टिप्पणी

हल :

(*i*) $d^-(a) = 3$; $d^-(b) = 1$; $d^-(c) = 1$; $d^-(d) = 2$; और $d^-(e) = 1$

$d^+(a) = 2$; $d^+(b) = 2$; $d^+(c) = 1$; $d^+(d) = 2$; और $d^+(e) = 1$

(*ii*) $d^-(u) = 1$; $d^-(v) = 1$; $d^-(w) = 1$ और

$d^+(u) = 1$; $d^+(v) = 1$; $d^+(w) = 1$

नोट्स

1. मान लीजिए कि $G = (V, E)$ निर्देशित कोरों का एक आलेख है। तब,

$$\sum_{v \in V} d^-(v) = \sum_{v \in V} d^+(v) = e.$$

2. निर्देशित कोरों के आलेख में कोरों की दिशाओं की अनदेखी करके, हम अनिर्दिष्ट आलेखों को प्राप्त करेंगे। ऐसे आलेखों को अंतर्निहित अनिनिर्दिष्ट आलेख कहते हैं।

अपनी प्रगति जांचिए

1. सरल आलेख क्या है?
2. छद्मलेख से आपका क्या अभिप्राय है?
3. एक शीर्ष की डिग्री क्या होती है?
4. वियुक्त शीर्ष और आलम्ब शीर्ष को परिभाषित करें।
5. निमनिष्ठ और उच्चिष्ठ या अधिकतम डिग्री क्या हैं?
6. आलेख के पूरक से आपका क्या अभिप्राय है?
7. आलेख की आगमन–डिग्री और बाह्यगमन–डिग्री क्या होती है?

3.3 आलेखों के प्रकार

आलेख निम्न प्रकार के होते हैं।

सरल आलेख

एक आलेख जिसमें न तो स्व लूप हो और न ही समानांतर कोरें हो, उस आलेख को सरल आलेख के रूप में जाना जाता है। चित्र 3.7 में एक सरल आलेख को दर्शाया गया है।



चित्र 3.7 *सरल आलेख*

टिप्पणी

बहु आलेख

एक आलेख जिसमें लूप और समानांतर कोरें होती हैं, उसे बहु आलेख कहा जाता है। चित्र 3.8 में एक बहु आलेख को दर्शाया गया है।



चित्र 3.8 बहु आलेख

उप–आलेख

(i) एक आलेख $H = (V(H), E(H))$ को आलेख G का उप–आलेख कहा जाता है, $G = (V(G), E(G))$ अगर (a) $V(H) \subseteq V(G)$ और (b) $E(H) \subseteq E(G)$ होता है।

(ii) आलेख H के एक उप–आलेख G को जनित उप–आलेख कहा जाता है अगर $V(H) = V(G)$ होता है।

नीचे उप–आलेखों के उदाहरण दिए गए हैं–



चित्र 3.9 उप–आलेख

निर्देशित और अनिर्दिष्ट आलेख

एक निर्देशित आलेख में प्रत्येक कोर की एक दिशा होती है (चित्र 3.10 देखें)। अगर एक शीर्ष से उसके आसन्न शीर्ष तक मूवमेंट (हलचल) होती है तो दिशा को अधिसूचित किया जाता है। अगर मूवमेंट शीर्ष v_1 से v_2 तक है तो, फिर v_1v_2 और v_2v_1 अलग–अलग होंगे। यहां, मूवमेंट (हलचल) केवल एक दिशा में है। लेकिन अनिर्दिष्ट आलेख में, अगर v_1 और v_2 के बीच में मूवमेंट (हलचल) है, तो फिर दोनों दिशा में मूवमेंट (हलचल) संभव है। इस तरह के आलेखों को अनिर्दिष्ट आलेखों के रूप में जाना जाता है (चित्र 3.11 देखें)।



चित्र 3.10 निर्देशित आलेख



चित्र 3.11 अनिर्दिष्ट आलेख

टिप्पणी

द्विखण्डी आलेख

एक सरल आलेख G को द्विखण्डी कहा जाता है यदि इसके शीर्ष समुच्चय V को दो असंयुक्त अरिक्त समुच्चय (Disjoint Non-Empty Sets) V_1 और V_2 में विभाजित इस तरह किया जाता है कि आलेख के प्रत्येक कोर शीर्ष V_1 और शीर्ष V_2 से जुड़े हो। ध्यान दें कि G का कोई भी कोर V_1 के दो शीर्षों या V_2 के दो शीर्षों से जुड़ना नहीं चाहिए।



चित्र 3.12 *द्विखण्डी आलेख*

उदाहरण के लिए, G द्विखण्डी है, क्योंकि इसके शीर्ष समुच्चय $V = \{v_1, v_2, v_3, v_4, v_5, v_6\}$ को दो अरिक्त समुच्चय $V_1 = \{v_1, v_3, v_5\}$ और $V_2 = \{v_2, v_4, v_6\}$ में विभाजित किया गया है (चित्र 3.12 देखें)। G के प्रत्येक कोर V_1 के शीर्ष और V_2 के शीर्ष से जुड़े हुए हैं।

पूर्ण द्विखण्डी आलेख

पूर्ण द्विखण्डी आलेख $k_{m,n}$ वह आलेख है जिसके शीर्ष समुच्चय को क्रमशः m और n शीर्ष के अरिक्त उप–समुच्चय में विभाजित किया जाता है। दो शीर्षों के बीच एक कोर होती है, यदि एक शीर्ष पहले उपसमुच्चय में है, तो दूसरा शीर्ष दूसरे उपसमुच्चय में होगा।

चित्र 3.13 में विभिन्न प्रकार के पूर्ण द्विखण्डी आलेखों को दर्शाया गया है–



चित्र 3.13 *पूर्ण द्विखण्डी आलेख*

तुल्याकारी या समरूपी आलेख

दो आलेखों G और H को तुल्याकारीया समरूपी कहा जाता है यदि उनके बीच एकैकी आच्छादन (Bijections) उपस्थित हो।

$\psi : V(G) \to V(H)$ और $\phi : E(G) \to E(H)$ इस तरह कि अगर $\theta_G(e) = uv$ और अगर $\theta_H(\phi(e)) = \psi(u)\,\psi(v)$ है।

ऐसी जोड़ी की मैपिंग या मानचित्रण को G और H के बीच (ψ, ϕ) को तुल्याकारी या समरूपता कहा जाता है और इसे $G \cong H$ के रूप में लिखा जाता है।

दूसरे शब्दों में, दो सरल आलेखों G और H तुल्याकारी या समरूपी होंगे यदि उनके बीच एकैकी संगतता (Bijection) उपस्थित हो।

$\psi : V(G) \to V(H)$ इस तरह है कि $uv \in E(G)$ अगर $\psi(u)\,\psi(v) \in E(H)$

चित्र 3.14 में विभिन्न प्रकार के समरूपी आलेखों को दर्शाया गया है :



चित्र 3.14 *समरूपी आलेखों*

यहाँ, G और H समरूपी आलेखों हैं।

G और H के बीच समरूपता प्रदान करने वाले तत्व निम्न हैः

$$v_1 v_2 \in E(G) \Leftrightarrow dc = \psi(v_1)\,\psi(v_2) \in E(H)$$
$$v_1 v_3 \in E(G) \Leftrightarrow da = \psi(v_1)\,\psi(v_3) \in E(H)$$
$$v_3 v_6 \in E(G) \Leftrightarrow ab = \psi(v_3)\,\psi(v_6) \in E(H)$$
$$v_6 v_5 \in E(G) \Leftrightarrow be = \psi(v_6)\,\psi(v_5) \in E(H)$$
$$v_3 v_4 \in E(G) \Leftrightarrow af = \psi(v_3)\,\psi(v_4) \in E(H)$$
$$v_6 v_2 \in E(G) \Leftrightarrow bc = \psi(v_6)\,\psi(v_2) \in E(H)$$
$$v_4 v_2 \in E(G) \Leftrightarrow fc = \psi(v_4)\,\psi(v_2) \in E(H)$$

$\therefore$ $$G \cong H$$

नोट्स

1. दो आलेखों $G_1 = (V_1, E_1)$ और $G_2 = (V_2, E_2)$ को समरूपता कहा जाता है यदि V_1 से V_2 तक एकैकी संगतता इस तरह उपस्थित हो, यदि G_1 में u और v समीप या आसन्न हैं तो G_2 में $\phi(u)$ और $\phi(v)$ भी समीप होते है।
2. यदि $G \cong H$ है, तो संबंधित शीर्षों की डिग्री तुल्य (बराबर) होती है।

उदाहरण 3.3 : सिद्ध कीजिए कि निम्नलिखित आलेख G और H समरूपी हैं।



हल : स्पष्ट रूप से, G और H समरूपी हैं।

G में, V_1 (V_3, V_4, V_5) के आसन्न (समीप) है, V_2 (V_3, V_4, V_5) के आसन्न (समीप) है।

H में, u_1, (u_3, u_4, u_5) के आसन्न है और u_2, (u_3, u_4, u_5) के आसन्न या समीप है।

यहाँ, $\phi(v_i) = u_i$, $1 \leq i \leq$ द्वारा परिभाषित फलन समरूपता देता है।

उदाहरण 3.4 : सिद्ध कीजिए कि निम्नलिखित आलेख G और H समरूपी नहीं हैं।



हल : स्पष्ट रूप से, G और H समरूपी आलेख नहीं हैं।

G में, ये दो शीर्षों (u_1 और u_2) तीन अन्य शीर्षों (u_3, u_4, u_5) से आसन्न हैं, जबकि H में, शीर्ष w_2 (w_1, w_3, w_4) से आसन्न हैं और शीर्ष w_3 (w_1, w_2, w_5) से आसन्न हैं। w_2 और w_3 एक दूसरे से आसन्न हैं।

G में, u_1 और u_2 एक दूसरे से आसन्न नहीं हैं। इसलिए, G और H समरूपी आलेख नहीं हैं।

नोट : उपर्युक्त उदाहरण से, यह स्पष्ट है कि दो आलेख समरूपी होते हैं यदि उनमें समान संख्या में शीर्ष और समान संख्या में कोर होते है और संबंधित शीर्ष की डिग्री भी तुल्य (बराबर) होती है, लेकिन विलोमत (Converse) सच नहीं है।

आलेख में दूरी

एक गैर–तुच्छ आलेख (Non-Trivial Graph) G और G के शीर्षों की जोड़ी u, v के लिए, दूरी $d_G(u-v)$ को G में सबसे छोटा पथ $(u-v)$ की लंबाई के रूप में परिभाषित किया गया है (यदि ऐसा कोई पथ उपस्थित है)। यदि G में कोई $(u-v)$ पथ उपस्थित नहीं है, तो हम $d_G(u-v) = \infty$ के रूप में परिभाषित करते हैं।

चित्र 3.15 एक आलेख में दूरी का वर्णन किया गया है :



(*i*) $d_{G_1}(u, v) = 2$ (*ii*) $d_{G_1}(x, y) = \infty$

***चित्र 3.15** आलेख में दूरी*

यदि G संबद्धता आलेख है और v, G का एक स्वेच्छ शीर्ष है।

(*i*) v की विलक्षणता (Eccentricity) को G में शीर्ष u से शुरू होने वाले सबसे लंबे पथ की लंबाई के रूप में परिभाषित किया गया है और इसे $e(v)$ द्वारा दर्शाया गया है। इसके अलावा, $e(v) = \max \{d(u, v): u \in v(G)\}$

टिप्पणी

(*ii*) G के व्यास को G के सभी शीर्षों के बीच अधिकतम विलक्षणता (Eccentricity) के रूप में परिभाषित किया गया है, अर्थात्, व्यास (Diam) $(G) = \max \{e(v): v \in V(G)\}$

(*iii*) G के त्रिज्या को G के सभी शीर्षों के बीच निमनिष्ठ विलक्षणता के रूप में परिभाषित किया गया है, अर्थात, त्रिज्या (Rad) (G) = निमनिष्ठ (Min) $\{e(v): v \in V(G)\}$

(*iv*) G के केंद्र को G के शीर्षों के समुच्चय में सभी शीर्षों के बीच निमनिष्ठ विलक्षणता के रूप में परिभाषित किया गया है। यानी, केंद्र $(G) = \{v \in V(G): e(v) =$ त्रिज्या (Rad) $(G)\}$

नोट्स

1. त्रिज्या (Rad) $(G) \leq$ व्यास (Diam) $(G) \leq 2$ त्रिज्या (Rad) (G), G एक आलेख है।
2. एक संबद्धता आलेख G के माध्यम (Median) को शीर्षों के समुच्चय के मध्य निमनिष्ठ दूरी के रूप में परिभाषित किया गया है।

कट–शीर्षों और कट–कोरें

कट–शीर्षों: आलेख G में एक शीर्ष v को कट–शीर्ष कहा जाता है यदि $\omega(G - v) > \omega(G)$, जहाँ $\omega(G)$, G का एक घटक होता है और घटक G का एक अधिकतम संबद्ध उप–आलेख होता है, अर्थात, एक संबद्ध आलेख का शीर्ष v एक कट–शीर्षों होता है, यदि $(G - v)$ असंबद्ध होता है।

उदाहरण के लिए, चित्र 3.16 में आलेख G के कट–शीर्षों और कट–कोरों को दिखाया गया है।



चित्र 3.16 *कट–शीर्षों और कट–कोरों*

G_1 में एक कट–शीर्षों v है और G_2 में कोई कट–शीर्षों नहीं है।

प्रमेय 3.3 : संबद्ध आलेख G में एक शीर्ष v एक कट–शीर्ष होता है यदि शीर्षों u और w इस तरह उपस्थित है (दोनों ही v से अलग अलग होते हैं) कि u और w को जोड़ने वाले प्रत्येक पथ (Path) में v है।

प्रमाण : मान लीजिए कि G एक संबद्ध आलेख और v कट–शीर्ष है।

उपप्रमेय 1 : शीर्षों u और w इस तरह उपस्थित है कि u और v को जोड़ने वाले प्रत्येक पथ में v होता है।

चूँकि v एक कट–शीर्ष है, $(G - v)$ असंबद्ध है और $(G - v)$ में दो घटक, G_1 और G_2 है। u और w क्रमशः G_1 और G_2 के शीर्षों है। स्पष्ट रूप से, $(G - v)$ में

कोई $(u-w)$ पथ नहीं होगा। इसलिए, u और w को जोड़ने वाले प्रत्येक पथ में v होना चाहिए।

विलोमत, मान लीजिए कि शीर्षों u और w इस तरह उपस्थित है कि प्रत्येक $(u-w)$ पथ में v उपस्थित हैं।

टिप्पणी

उपप्रमेय 2 : v कट–शीर्ष है।

मान लीजिए कि v कट–शीर्ष नहीं है। तब $(G-v)$ संबद्ध होगा। चूंकि (u और w) $(G-v)$ में शीर्षों हैं, इसलिए $(G-v)$ में u और w के बीच एक मार्ग या पथ है, जिसमें शीर्ष v नहीं है। यह एक विरोधाभास है। इसलिए, v कट–शीर्ष है।

कट–कोर

आलेख G में एक कोर e को कट–कोर कहा जाता है, अगर $(G-e)$ असंबद्ध होता है।

उदाहरण के लिए, चित्र 3.17 में आलेख G_1 में एक कट–कोर है और आलेख G_2 में कोई कट–कोर नहीं है।



चित्र 3.17 G_1 में एक कट–कोर है और G_2 में कोई कट–कोर नहीं है।

कट–शीर्ष की तरह समान परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

प्रमेय 3.4 : संबंध आलेख में कोर e एक कट–कोर होता है अगर u और w इस तरह उपस्थित हो कि u और w को जोड़ने वाले प्रत्येक पथ में 'e' हो।

प्रमाण : मान लीजिए कि G एक संबद्ध आलेख है और एक कट–कोर e है।

उपप्रमेय 1 : शीर्षों u और w इस तरह उपस्थित है कि $(u-w)$ को जोड़ने वाले प्रत्येक पथ में कोर e है।

चूँकि G में कोर e एक कट–कोर है, $(G-e)$ असंबद्ध होंगा और $(G-e)$ में कम से कम दो घटक, G_1 और G_2 होंगे।

मान लीजिए कि u और w क्रमशः G_1 और G_2 के शीर्षों है। स्पष्ट रूप से, $(G-e)$ में कोई पथ u और w के बीच नहीं होगा। इसलिए, u और w को जोड़ने वाले प्रत्येक पथ में कोर e होगा।

विलोमत , मान लीजिए कि शीर्षों u और w इस तरह उपस्थित है कि प्रत्येक u और w को जोड़ने वाले पथ में कोर e है।

उपप्रमेय 2 : e कट–कोर है।

मान लीजिए कि e कट–कोर नहीं है। तब $(G-e)$ संबद्ध है। चूंकि u और w $(G-e)$ में शीर्षों हैं, इसलिए u और w के बीच एक मार्ग है, जिसमें कोर e नहीं है। यह एक विरोधाभास है। इसलिए, e कट–कोर है।

आलेख संबद्धता

इस खंड में, हम आलेख की संरचना का अध्ययन करते हैं। एक आलेख G में गमन या वॉक (Walk) एक वैकल्पिक अनुक्रम होता है।

$W: v_0, e_1, v_1, e_2,..., v_{n-1}, e_n, v_n\ (n \geq 0)$ के शीर्षों और कोरें है, शीर्षो के साथ शुरुआत और अंत इस तरह होगी कि $e_i = v_{i-1} v_i, i = 1, 2,..., n$। इसे $(v_0 - v_n)$ गमन (Walk) द्वारा दर्शाया जाता है। कोरों की संख्याओं (आवश्यक रूप से जरूरी नहीं अलग–अलग हो) को गमन की लंबाई कहा जाता है। आलेख G में, $u, e_1, v, e_2, w, e_6, x, e_4, u$ लंबाई 4 का गमन है (चित्र 3.18 देखें)।

निम्न चित्र में आलेख के पथ और गमन (Walk) का चित्रण किया गया है–



चित्र 3.18 *आलेख में पथ और गमन*

एक ट्रेल (Trail) एक गमन है जिसमें कोई कोर दोहराई नहीं जाती है और एक पथ एक ट्रेल (Trail) है जिसमें कोई शीर्ष दोहराया नहीं जाता है। इस प्रकार, एक पथ एक ट्रेल (Trail) है, लेकिन प्रत्येक ट्रेल (Trail) पथ नहीं होता है। उपरोक्त आलेख G में, $x, e_6, w, e_3, v, e_1, u, e_2, w, e_7, y$ एक ट्रेल (Trail) है जो एक पथ नहीं है, और $u, e_4, x, e_6, w, e_3, v$ एक पथ है।

प्रमेय 3.5 : एक आलेख में प्रत्येक $(u - v)$ गमन में $(u - v)$ पथ होते हैं।

प्रमाण : मान लीजिए कि W एक आलेख G में $(u - v)$ गमन है। यदि $u = v$, तो w ट्रेल (Trail) पथ होगा , अर्थात, गमन की लंबाई शून्य होगी।

मान लीजिए कि $u \neq v$ और $W: u = u_0, u_1, u_2,..., u_n = v$ है। यदि G का कोई भी शीर्ष W में एक से अधिक बार नहीं दिखता है, तो W स्वयं एक $(u - v)$ पथ होगा। अन्यथा, G के शीर्षो होंगे जो w में दो बार या उससे अधिक दिखेगे। माने कि i और j अलग–अलग घननात्मक पूर्णांक इस तरह हैं कि $i < j$ के साथ $u_i = u_j$ है। फिर, $u_i, u_{i+1},...,u_{j-2}, u_{j-1}$ को w से हटा दिया गया जाता है, और परिणामस्वरूप अनुक्रम गमन $(u - v)$ w_1 होगा जिसकी लंबाई w की तुलना में कम होती है। इंडक्शन परिकल्पना द्वारा, इस w_1 में $(u - v)$ पथ होते है और इसलिए, w में $(u - v)$ पथ होंगे। यदि G का कोई शीर्ष w_1 में एक से अधिक बार दिखाई नहीं देता है, तो w_1 एक $(u - v)$ पथ होंगे। अगर नहीं है, तो यह प्रक्रिया चालू रखें जब तक कि हमें एक $(u - v)$ पथ नहीं मिल जाता है।

चक्र

एक चक्र गमन है। $v_0, v_1,..., v_n$ एक गमन है जिसमें $n \geq 3, v_0 = v_n$ और $'n$ शीर्षों $v_1, v_2,..., v_n$ अलग–अलग हैं। हम कह सकते हैं कि $(u - v)$ गमन बंद होगा अगर $u = v$ होगा और खुला होगा अगर $u \neq v$ होगा।

टिप्पणी

संबद्धता

मान लीजिए कि एक आलेख G में u और v शीर्षों हैं। हम कह सकते हैं कि u और v संबद्ध है अगर G में $(u-v)$ पथ होंगे। आलेख G संबद्ध होता है, यदि G के शीर्षों में u, v की प्रत्येक जोड़ी के साथ u और v संबद्ध होते हैं।

असंबद्धता

एक आलेख G को असंबद्ध माना जाता है, अगर वहाँ दो शीर्षों u और v उपस्थित हैं और उनके बीच कोई $(u-v)$ पथ नहीं है।

घटक

एक आलेख G का एक उप–आलेख H को G का घटक कहा जाता है यदि H, G का अधिकतम संबद्ध उप–आलेख होता है और घटक को $\omega(G)$ द्वारा निरूपित किया जाता है।

नोट : यदि $\omega(G) > 1$, तो G संबद्ध नहीं होता है।

उदाहरण के लिए,



चित्र 3.19 संबद्ध और असंबद्ध आलेख

आलेख (i) संबद्ध है और (ii) असंबद्ध है (चित्र 3.19 देखें)।

ध्यान दें कि आलेख (ii) के 3 घटक हैं।

निर्देशित आलेख में संबद्धता

दृढ़ संबद्धता

एक निर्देशित आलेख स्ट्रॉंगली से संबद्ध होता है अगर u से v और v से u के बीच एक पथ होता है, अर्थात जब भी u और v आलेख में शीर्षों हो।

दुर्बल संबद्धता

एक निर्देशित आलेख दुर्बल रूप से संबद्ध होता है अगर किसी भी अनिर्दिष्ट आलेख के दो शीर्षों के बीच एक पथ होता है।

एक तरफा संबद्धता

एक निर्देशित आलेख को एक तरफा संबद्ध कहा जाता है यदि दो शीर्षों u और v के बीच, केवल u से v या v से u के बीच एक निर्देशित पथ उपस्थित होता है।

उदाहरण के लिए, चित्र 3.20 में विभिन्न प्रकार के संबद्ध आलेखों को दिखाया गया है।



(*i*) दुर्बल संबद्धता निर्देशित आलेख



(*ii*) एक तरफा संबद्धता निर्देशित आलेख



(*iii*) दृढ़ संबद्धता निर्देशित आलेख

चित्र 3.20 *संबद्धता आलेख*

G_1 दुर्बल रूप से संबद्ध है, G_2 एक तरफा संबद्ध है और G_3 स्ट्रॉंगली से संबद्ध है।

अपनी प्रगति जांचिए

8. बहुआलेख आलेख क्या है?
9. एक उप–आलेख को परिभाषित करें।
10. द्विखण्डी आलेख क्या है?
11. दो आलेखों को कब तुल्याकारी या समरूपी कहा जाता है?
12. एक आलेख में दूरी को कैसे परिभाषित किया जाता है?
13. कट–शीर्ष क्या है?
14. आलेख के संदर्भ में चक्र, संबद्धता, असंबद्धता और घटक को परिभाषित करें।
15. एक निर्देशित आलेख में विभिन्न प्रकार की संबद्धता क्या हैं?

3.4 यूलर आलेख

इस खंड में, हम विशेष आलेख का अध्ययन करेंगे और आलेख सिद्धांत की उत्पत्ति के बारे में भी बात करेंगे।

रूसी गणराज्य में कोएन्सबर्ग शहर (Koingsberg Town) की भूमि को प्रीगेल नदी द्वारा चार भागों में विभाजित किया गया था। ये द्वीप सात पुलों से जुड़ा हुआ था। समस्या यह थी कि क्या लोग एक द्वीप से चलकर सभी सात पुलों पर यात्रा कर सकते हैं और एक से अधिक बार पुल का उपयोग किए बिना उस द्वीप पर वापस लौट सकते हैं जहाँ से उन्होंने यात्रा की शुरुआत की थी? लगभग दो शताब्दियों तक, कोई भी यह बताने की स्थिति में नहीं था कि ऐसी यात्रा (चलना) संभव है या नहीं।

सन् 1736 में, महान गणितज्ञ लियोनहार्ड यूलर ने निष्कर्ष निकाला कि ऐसा यात्रा (चलना) असंभव थी। उन्होंने इस समस्या का अध्ययन करने और हल करने के लिए बहु आलेख का उपयोग किया। यूलर को आज भी आलेख सिद्धांत के जनक के रूप में माना जाता है।



चित्र 3.21 यूलर पथ

G में क्रमशः चार भूमि और सात पुलों को शीर्षों और कोरों द्वारा दर्शाया गया है। इस सूत्र को कोएन्सबर्ग पुल सूत्र कहा जाता है।

यूलर परिपथ

एक ट्रेल (Trail) जिसमें G के प्रत्येक कोर को ट्रैवर्स (Traverses) किया जाता है, उसे G का यूलर ट्रेल (Euler Trail) कहा जाता है। G का एक परिपथ एक बंद गमन होता है जिसमें G के प्रत्येक कोर को ठीक एक बार ट्रैवर्स (Traverses) किया जाता है। एक यूलर दौरा एक ऐसा दौरा है जिसमें G के प्रत्येक कोर को ठीक एक बार ट्रैवर्स (Traverses) किया जाता है। एक आलेख यूलरियन होता है अगर इसमें एक यूलर दौरा होता है।

प्रमेय 3.7 : एक संबद्ध आलेख यूलरियन होता है यदि इसमें विषम डिग्री का कोई शीर्षों नहीं होता है।

प्रमाण : मान लीजिए कि G एक यूलरियन है और मान लीजिए कि C, G का एक यूलर टूर है, जो किसी शीर्ष u पर शुरू और समाप्त होता है।

उपप्रमेय 1 : G में कोई विषम डिग्री शीर्षों नहीं है, अर्थात, यह सिद्ध करना है कि G का प्रत्येक शीर्ष सम है। एक शीर्ष $w \neq u$ पर विचार करें। चूँकि w न तो C का पहला और न ही अंतिम शीर्ष है, प्रत्येक बार जब भी w का संयोग किया जाता है, यह किसी न किसी कोर पर पहुँचता है और दूसरे कोर से निकलता है। इसलिए, C में w का प्रत्येक संयोग (Occurrence) इसकी डिग्री में 2 का योगदान देती है। इस प्रकार, w सम डिग्री का है। यह C के सभी आंतरिक शीर्षों के लिए सच है। C में शीर्ष u का प्रारंभिक संयोग और अंतिम संयोग u की डिग्री में 1 का योगदान देती है। इसलिए, G का प्रत्येक शीर्ष सम डिग्री का होता है।

विलोमत, मान लीजिए कि संबद्ध आलेख G का प्रत्येक शीर्ष सम होता है।

उपप्रमेय 2: G यूलरियन है।

मान लीजिए कि G संबद्ध बिना किसी विषम डिग्री का गैर–युलरियन आलेख है। ऐसे आलेखों में से, किसी एक को चुनें, जिसमें G की कम से कम कोरें संख्या हो। चूंकि G के प्रत्येक शीर्ष में कम से कम दो कोरें होती है, इसलिए G में एक ट्रेल (Trail) होगा। मान लीजिए कि G में C की अधिकतम संभव लंबाई एक बंद ट्रेल (Trail) है। धारणा के अनुसार, C, G का यूलर परिपथ (Euler Circuits) है और इसलिए, $G - E(C)$ में कोरें होगी।

इसलिए, $G - E(C)$ में कोरें के साथ कुछ घटक G' भी होंगे। चूँकि C स्वयं यूलरियन (Eulerian) है, इसलिए C की प्रत्येक शीर्ष डिग्री सम होगी। इसलिए,

$G - E(C)$ के प्रत्येक शीर्ष की डिग्री भी सम होगी। इसलिए, G' में प्रत्येक शीर्ष की डिग्री सम है। चूंकि $E(G') < E(G)$, [(1) में G से], G' यूलरियन (Eulerian) है और इसलिए, G' के पास यूलर परिपथ (Euler Circuit) C' है।

टिप्पणी

चूँकि G संबद्ध है, इसलिए $V(C) \cap V(C')$ में एकशीर्ष v होगा और हम सामान्यता की हानि के बिना मान सकते हैं कि v परिपथ (सर्किट) C और C' दोनों में प्रारंभिक और अंतत (टर्मिनल) शीर्ष होगा। अब, $E(C \cup C') > E(C)$ के साथ $(C \cup C')$, G का एक बंद ट्रेल (Trail) है। यह C की पसंद का खंडन करता है। इसलिए, बिना विषम डिग्री के शीर्ष के साथ प्रत्येक अरिक्त संबंधित आलेख यूलरियन होता है। निम्नलिखित युलरियन (Eulerian) आलेखों के उदाहरण हैं–



चित्र 3.22 यूलरियन आलेखों

G और H यूलरियन आलेखों हैं।

प्रमेय 3.8 : एक संबंधित आलेख में यूलरियन ट्रेल (Trail) होती है अगर G में एकदम दो विषम शीर्षों हो।

प्रमाण : मान लीजिए कि G एक संबंधित आलेख यूलरियन (Eulerian) $(u - v)$ ट्रेल (Trail) है। पिछले प्रमेय में इसी तरह के तर्क से, हमने यह निष्कर्ष निकाला था कि u और v को छोड़कर, ट्रेल (Trail) पर सभी शीर्षों सम होते हैं। विलोमत, G दो विषम शीर्षों u और v के साथ संबंधित आलेख है। G' एक आलेख को G से u और v के बीच एक नया कोर $e = uv$ जोड़कर प्राप्त किया है। पिछले प्रमेय को G' पर लागू करके, हम एक यूलरियन दौरे (टूर) को प्राप्त कर सकते हैं। जिसमें कोर e पहला कोर है। इस प्रकार, G के इस यूलरियन ट्रेल (Ulerian Trail) को प्राप्त किया जा सकता है जो v से शुरू होता है और u पर समाप्त होता है। इसलिए, G एक यूलरियन ट्रेल है।

युलरियन डाईग्राफ (Eulerian Diagraph)

एक संबंधित निर्देशित D यूलरियन ट्रेल (Trail) में एक ट्रेल (Trail) होती है जिसमें D की सभी कोरें उपस्थित होती हैं; जबकि D का एक यूलरियन परिपथ एक परिपथ होता है जिसमें D की सभी कोरें होती हैं। एक निर्देशित आलेख जिसमें एक यूलरियन परिपथ होता है उसे यूलरियन डाईग्राफ (Eulerian Digraph) कहते हैं।

उदाहरण के लिए,



चित्र 3.23 यूलरियन डाईग्राफ

प्रमेय 3.9 : मान लीजिए कि D एक संबद्ध निर्देशित आलेख है। D यूलरियन (Eulerian) होगा अगर $d^+(v) = d^-(v), \forall v \in G$, तो G को संतुलित डाईग्राफ कहा जाता है।

टिप्पणी

प्रमाण : मान लीजिए कि D एक यूलर निर्देशित आलेख है। तब D में सामान्य प्रारंभिक और अंतत (टर्मिनल) शीर्ष के साथ एक यूलर सर्किट C होगा। मान लीजिए कि C में b_u एक आंतरिक शीर्ष u को आपतित करने वाले कोरों की संख्या है।

जब भी C किसी भी कोर के माध्यम से u पर आपतित होगा, तो C एक और कोर के माध्यम से u से बाहर जाएगा। इस प्रकार, u की प्रत्येक घटना आगमन–डिग्री में 1 और बाह्यगमन –डिग्री एक (1) डिग्री में 1 का योगदान देती है। इसके अलावा, C में D की सभी कोरें होती हैं। इस प्रकार

$d^+(u) = d^-(u) = bu$

इसी प्रकार, $d^+(v) = d^-(v)$

इसलिए, $d^+(v) = d^-(v), \forall v \in V(D)$

विलोमत, मान लीजिए कि संबद्धता डाईग्राफ D संतुलित है। तब, प्रत्येक शीर्ष u के लिए, $d^+(u) = d^-(u) \neq 0$। एक स्वेच्छ शीर्ष u_1 से प्रारंभ करें, $d^+(u_1) \neq 0$। अगर u_1 उपस्थित है तो u_1 बाहर जाएगा। मान लीजिए कि u_2 इस कोर का टर्मिनल शीर्ष है, $d^+(u_2) \neq 0$। इसलिए, u_2 से बाहर एक कोर उपस्थित होगी। इस तरह से आगे बढ़ते हुए हम एक शीर्ष पर पहुँच जाएंगे जो सीधे (Traversed) ट्रेस होती है। इस प्रकार, हम D में एक निर्देशित परिपथ C_1 को प्राप्त करते हैं। यदि $E(C_1) = E(D)$ है, तो C_1 आवश्यक यूलर परिपथ होगा। यदि नहीं, यानी $E(C_1) \neq E(D)$ तो एक जनक उप–आलेख D_1 को प्राप्त करने के लिए D से C_1 के सभी कोरों को हटा दें। चूंकि D संतुलित है, D_1 भी संतुलित होगा। उपरोक्त प्रक्रिया को D_1 पर लागू करने पर, हम D_1 में एक परिपथ C_2 प्राप्त करेंगे। यदि $E(D) = E(C_1) \cup E(C_2)$, तो D_1 में C_1 और C_2 को जोड़कर एक यूलर परिपथ को प्राप्त किया जा सकता है। अन्यथा, हम D_1 से C_2 की कोरों को हटाकर जनक उप–आलेख D_2 प्राप्त करेगें। हम उपरोक्त प्रक्रिया को D_2 में दोहराते हैं और एक सीमित चरणों की संख्या के बाद, हम कोर वियुक्त परिपथ $C_1, C_2, ..., C_k$ को प्राप्त करते हैं। इस प्रकार कि $E(D) = E(C_1) \cup E(C_2) \cup ... \cup E(C_k)$ हो। चूंकि D संबद्ध है, इनमें से किसी भी दो चक्रों में एक सामान्य शीर्ष होगा और D में एक यूलर परिपथ को प्राप्त करने के लिए परिपथ $C_1, C_2, ... ,C_k$ को जोड़ा जाता है। इसलिए D एक यूलर आलेख है।

3.5 हैमिल्टोनियम पथ और परिपथ

सन् 1859 में सर विलियम रोवन हैमिल्टन ने 'अराउंड द वर्ल्ड (Around the World)' नामक एक खेल का आविष्कार किया। इस खेल में, एक ठोस नियमित डोडेकाहेड्रोन (Dodecahedron) (20 शीर्षों , 30 कोरें और 12 चेहरे) और स्ट्रिंग (String) की आपूर्ति दी जाती है। प्रत्येक शीर्ष को एक महत्वपूर्ण शहर का नाम दिया गया है। खेल का उद्देश्य डोडेकाहेड्रोन (Dodecahedron) के कोरों के माध्यम से एक मार्ग या पथ को

प्राप्त करना है जिसमें प्रत्येक शहर में केवल एक बार ही चक्कर लगाना है और वापिस वही आना जहां से शुरुआत की थी।

टिप्पणी

D.



चित्र 3.24 हैमिल्टनियन आलेख

आलेख D एक डोडेकाहेड्रोन (Dodecahedron) है।

एक अन्य प्रसिद्ध पहेली 'द नाइट पजल (The Knight's Puzzle)' है। क्या शतरंज के घोड़ों (Knight) के लिए शतरंज बोर्ड में आगे बढ़ना संभव है, यानी, प्रत्येक वर्ग पर एक बार जाना और फिर वापिस प्रारंभिक वर्ग में लौट आना?

इसे आलेख G द्वारा दर्शाया जा सकता है, जहां शीर्षों u_i शतरंज बोर्ड के वर्ग S_i से संबंधित है और u_j, u_i से सन्नता (निकट) में है अगर शतरंज के लिए एक कदम में S_i से S_j तक आगे बढ़ना संभव हो।

'अराउंड द वर्ल्ड (Around The World)' और 'नाइट पजल (Knight's Puzzle)' को हल करने के लिए, हमें यह निर्धारित करना होगा कि क्या दिया गया आलेख हैमिल्टोनियम है।

एक पथ जिसमें G के प्रत्येक शीर्ष होते है उसे G का हैमिल्टन पथ कहा जाता है। इसी प्रकार, G का एक हैमिल्टन चक्र वह चक्र है जिसमें G का प्रत्येक शीर्ष होता है दूसरे शब्दों में जनित चक्र एक आलेख हैमिल्टोनियम होता है यदि उसमें हेमिल्टन चक्र या जनित चक्र होता है।

उदाहरण 3.5 : सिद्ध करें कि k_n के पास हैमिल्टोनियम परिपथ होता है, $\forall n \geq 3$

हल : हम $k_n (n \geq 3)$ में हैमिल्टोनियम परिपथ को निम्नानुसार बनाते हैं :

k_n में स्वेच्छ से शीर्ष को चुनें और इस शीर्ष से हैमिल्टोनियम परिपथ शुरू करें। इस तरह के परिपथ को किसी भी क्रम में शीर्ष के ट्रैवर्स (Traverses) द्वारा बनाया जा सकता है, जब तक कि पथ शुरू और समाप्त एक ही शीर्ष पर न हो और ठीक एक बार ही अन्य शीर्षों पर जाता हो। यह k_n में संभव है, क्योंकि प्रत्येक शीर्ष अन्य सभी शीर्षों के समीप हैं। k_1, k_2 परिपथ नहीं होकर, केवल हैमिल्टोनियम मार्ग है।

आलेखिकल

एक अनुक्रम $d = (d_1, d_2, ..., d_n)$ आलेखिकल होता है अगर n शीर्षों वाला क्रमशः $d_1, d_2, ..., d_n$ की डिग्री का सरल अनिर्दिष्ट आलेख उपस्थित हो।

उदाहरण के लिए, शीर्षों v_1 से v_6 के (4, 4, 3, 2, 2, 1) डिग्री अनुक्रम वाला आलेख को निम्नलिखित चित्र में दिखाया गया है।



टिप्पणी

समापन

G का एक n शीर्षों वाला आलेख एक समापन आलेख $C(G)$ होता है जो गैर–आसन्न शीर्षों के जोड़े को अनावर्त (बार–बार) (Recursively) सम्मिलित करता है जिनकी डिग्री योग कम से कम n होती है जब तक कि ऐसी कोई जोड़ी (युग्म) लुप्त नहीं हो जाती है।

उदाहरण के लिए,



***चित्र 3.25** एक आलेख के समापन का निर्माण*

उपरोक्त आंकड़े एक आलेख के एक समापन निर्माण का एक तरफा तरीका बताता हैं।

महत्वपूर्ण प्रमेय

